उत्तराखंड, नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित/उत्तर प्रदेश में प्रसारित

उत्तम भारत

सत्य, निष्पक्ष भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 1 ▸▸ अंक: 188 ▸▸ देहरादून ▸▸ सोमवार, 23 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI.No. UAHIN/26/A3885



12

देव दीपावली पर गंगा में सख्त.....

भीषण सड़क हादसे में गढ़वाल के 7 लोगों की मौत

सभी मृतक सैन्य परिवारों के सदस्य

पीएम मोदी ने जताया शोक







ट्राले से टकराकर कार पूरी तरह पिचककर गई और उसमें सवार सभी मारे गए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

गांधी नगर, एजेंसी। गुजरात के कच्छ जिले में भुज-खावड़ा नेशनल हाईवे पर एक कार के ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण, सेना के जवानों के परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस घटना पर शोक व्यक्त किया और जान गंवाने वालों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। यह भयानक हादसा शनिवार रात को हुआ, जब पीड़ित कच्छ के रण घूमने के बाद भुज से लौट रहे थे। उनकी कार एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और तीन बच्चे शामिल थे, जिनमें एक नवजात शिशु भी था।

इस घटना पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, गुजरात के कच्छ में हुए हादसे में लोगों की जान जाने से बहुत दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जान गंवाने वालों के परिवारों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

कच्छ पश्चिम पुलिस कंट्रोल रूम के एक अधिकारी के अनुसार, जवान के परिवार कच्छ के रण घूमने के बाद भुज से लौट रहे थे, तभी उनकी कार एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से पिचककर मलबे में तब्दील हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। बचाव दल को शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और इस काम में कई घंटे लग गए। टक्कर के कारण सड़क पर मलबा और शवों के अंग भी बिखर गए। घटना के बाद, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सुंडा स्थिति का जायजा लेने के लिए तुरंत दुर्घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे।

मृतकों की पहचान रिंकी नितिन गुसाईं (35), उनकी चार महीने की बेटी वमिका, सौरभ सिंह नेगी (30), उनकी पत्नी सविता सौरभ सिंह नेगी (30), उनकी तीन महीने की बेटी सिविका, राजेश रावत (35) और उनकी सात साल की बेटी रक्षिता के रूप में हुई है। ये सभी लोग उत्तराखंड के गढ़वाल के रहने वाले थे और भुज में तैनात सेना के जवानों के परिवार के सदस्य थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, ह्यगुजरात के कच्छ में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

गंगा में छोड़े गए 10 हजार मत्स्य बीज, धामी ने किया संचयन

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के अमरापुर घाट पर आयोजित कार्यक्रम में गंगा नदी में 10 हजार मत्स्य बीजों का संचयन किया। मत्स्य विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा की प्राकृतिक मत्स्य संपदा का संरक्षण एवं संवर्धन करने के साथ जलीय जैव विविधता को बढ़ावा देना और नदी के पारिस्थितिकीय संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मां गंगा देश की आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक होने के साथ समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का महत्वपूर्ण आधार भी हैं। गंगा की निर्मलता, अविरलता और प्राकृतिक स्वरूप बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नदियों में रहने वाले जलीय जीवों और प्राकृतिक मत्स्य संपदा का संरक्षण पर्यावरणीय संतुलन के लिए बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। नदियों में उपयुक्त प्रजातियों के मत्स्य बीजों का संचयन प्राकृतिक मत्स्य संपदा को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के साथ मत्स्य संसाधनों के सतत विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने आमजन से गंगा सहित प्रदेश की सभी नदियों को स्वच्छ रखने, जल प्रदूषण रोकने और जलीय जीवों के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियां और प्राकृतिक संसाधन आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण के साथ विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, उप जिलाधिकारी योगेश मेहरा, सहायक निदेशक मत्स्य गरिमा मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिशुपाल सिंह नेगी सहित मत्स्य विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर श्रद्धा का सफर

भारत से 1822 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना



उत्तम भारत न्यूज डेस्क

नई दिल्ली। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए 1822 सिख श्रद्धालुओं का जत्था अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान रवाना हुआ। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के कार्यालय से बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं को धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ विदा किया गया। गुरुधामों के दर्शन को लेकर संगत में भारी उत्साह देखने को मिला।

एसजीपीसी के अनुसार, पाकिस्तान जाने के लिए कुल 1828 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट वीजा के लिए भेजे गए थे। इनमें से पाकिस्तान दूतावास ने 1822 श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया जबकि छह लोगों के आवेदन रद्द कर दिए गए। जत्थे की अगुवाई एसजीपीसी सदस्य बीबी परमिंदर कौर पार्टी लीडर के रूप में कर रही हैं। उनके साथ कार्यकारिणी सदस्य रविंदर सिंह खालसा, सदस्य गुरनाम सिंह जस्सल, बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला और जनरल प्रबंधक



लखबीर सिंह चीफ-85 भी पाकिस्तान गए हैं।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु सबसे पहले श्री ननकाना साहिब पहुंचेंगे, जो गुरु नानक देव जी का जन्मस्थान है। यहां गुरुद्वारा पट्टी साहिब और क्यारा साहिब सहित अन्य ऐतिहासिक गुरुधामों में नतमस्तक होंगे। इसके बाद जत्था गुरुद्वारा सच्चा सौदा, श्री पंजा साहिब, श्री करतारपुर साहिब और लाहौर स्थित गुरुद्वारा डेरा साहिब के दर्शन करेगा। धार्मिक यात्रा पूरी करने के बाद जत्था एक दिसंबर को अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत लौटेगा।

एसजीपीसी सदस्य बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला ने कहा कि अपने ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन करना हर सिख के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने पाकिस्तान में गुरुद्वारों की प्राचीन इमारतों और गुरु साहिबान से जुड़ी निशानियों को सुरक्षित रखने की सराहना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने दोनों देशों के बीच भाईचारे और शांति की कामना करते हुए बंदी सिंहों की रिहाई के लिए भी अरदास की। हालांकि, कुछ श्रद्धालुओं ने बसों की रवानगी, समय-सारणी और पासपोर्ट वितरण की जानकारी समय पर नहीं मिलने पर नाराजगी भी जताई।

जीटी रोड पर अप्सरा बॉर्डर से कश्मीरी गेट तक फरार्टा भरेंगे वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वी दिल्ली के अप्सरा बॉर्डर से कश्मीरी गेट तक सफर करने वाले वाहन चालकों को जल्द ट्रैफिक जाम से राहत मिलने वाली है। इसके तहत अप्सरा बॉर्डर टोल प्लाजा से झिलमिल मेट्रो स्टेशन के बीच रास्ते में रुकावट बन रहे दो ट्रैफिक सिग्नल अगले महीने बंद कर दिए जाएंगे। इनकी जगह तीन यू-टर्न बनाकर यातायात का संचालन किया जाएगा।

इससे वेलकम, सीलमपुर, गांधीनगर और कश्मीरी गेट की ओर जाने वाले वाहन बिना रुके फरार्टा भर सकेंगे। शाहदरा फ्लाईओवर, सलीमपुर फ्लाईओवर और धर्मपुरा फ्लाईओवर होते हुए लोग बिना रुके सीधे कश्मीरी गेट चले जाते हैं। लेकिन अप्सरा बॉर्डर से झिलमिल मेट्रो स्टेशन तक रास्ते में रुकावट है।

मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह, सीमा विवाद से लेकर बिजली तक होगी बात

नई दिल्ली, एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह भारत के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री

ऊर्जा और जलविद्युत पर रहेगा खास जोर

नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आए बालेंद्र शाह की मार्च 2026 में पद संभालने के बाद यह पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी है।

भारत दौरे के दौरान सोमवार को बालेंद्र शाह की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होगी। नई दिल्ली में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय



बातचीत भी होगी।

इस बैठक में ऊर्जा, जलविद्युत, रेलवे, सड़क संपर्क और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर खास तौर पर चर्चा होगी। इसके अलावा नेपाल में चल रही कई परियोजनाओं का दोनों नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन कर सकते हैं। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई अहम समझौतों और दस्तावेजों का आदान-प्रदान होने की भी संभावना है।

गोरखपुर के लिए चलेगी विशेष रेलगाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली जंक्शन से गोरखपुर के बीच विशेष रेलगाड़ी का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05019 गोरखपुर से आगामी 24 नवंबर की दोपहर 2.40 बजे चलकर अगली सुबह 8.20 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05020 दिल्ली जंक्शन से 25 नवंबर की सुबह 11.10 बजे चलकर अगली सुबह 5 बजे गोरखपुर जंक्शन पहुंचेगी।



बेटे की चाह में 8 माह के मासूम का अपहरण, ट्रक से अलीगढ़ पहुंचाया

नई दिल्ली, एजेंसी। बेटे की चाहत में एक दंपती ने रिश्तेदार ट्रक चालक के साथ मिलकर दिल्ली से 8 माह के मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया। आरोपी बच्चे को ट्रक में बैठाकर अलीगढ़ ले गए और वहां दंपती को सौंप दिया। पूर्वी जिला की मंडावली थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक समेत दंपती को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि बच्चे को अगवा करने के बदले ट्रक चालक को 1 लाख रुपये देने का वादा किया गया था।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सिकंदरपुर (सुरीर) निवासी ट्रक चालक ऋषिपाल (40), अलीगढ़ जिले के टप्पल क्षेत्र स्थित वाजिदपुर गांव निवासी छत्रु (50) और उसकी पत्नी कुसमा (45) के रूप में हुई है। छत्रु ने ऋषिपाल को बच्चा लाकर देने के बदले 1 लाख रुपये देने का आश्वासन दिया था। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर अपहरण की पूरी साजिश और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि लक्ष्मी नामक महिला ने अपने 8 माह के बेटे के अपहरण की शिकायत मंडावली थाने में दर्ज कराई थी। पीड़िता पेशे से ई-रिक्शा चालक है और उसने अपने बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी ज्योति नामक महिला को सौंप रखी थी।

शिकायत के अनुसार, घटना के समय ज्योति बच्चे को लेकर पांडव नगर में कुछ सामान लेने गई थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और बातचीत करने लगा। बातचीत के बीच आरोपी मौका पाकर बच्चे को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद ज्योति ने इसकी जानकारी बच्चे की मां को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के भागने के रास्ते और उसके वाहनों की जानकारी जुटानी शुरू की।

ई-रिक्शा से अक्षरधाम पहुंचा, फिर ट्रक में बैठकर हुआ फरार

जांच में सामने आया कि बच्चा लेकर भागने के बाद आरोपी एक ई-रिक्शा में सवार हुआ और अक्षरधाम मंदिर के पास पहुंचा। वहां पहले से खड़े टाटा-407 ट्रक में उसने बच्चे को बैठा दिया। इसके बाद ट्रक नोएडा की दिशा में रवाना हो गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर ट्रक के पंजीकरण नंबर की जानकारी जुटाई। वाहन की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके चालक ऋषिपाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बच्चे को अलीगढ़ ले जाकर दंपती को सौंपने की बात बताई।

पुलिस टीम ने अलीगढ़ जिले के वाजिदपुर गांव में छापेमारी की। वहां से अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मौके से छत्रु और उसकी पत्नी कुसमा को भी गिरफ्तार कर लिया।

वीवीपी से बदली भारत-चीन सीमा के गांवों की तस्वीर, 40 गांवों में लौट रहे लोग : अमित शाह

शैलेंद्र कुमार शर्मा/उत्तम भारत

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र के फ्लैगशिप वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के तहत बॉर्डर इलाकों में आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास होने के बाद, चीन बॉर्डर से सटे अरुणाचल प्रदेश के 40 गांवों के लोग अपने घर लौट रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में 5,610 करोड़ रुपये से ज्यादा की चार बड़ी विकास परियोजनाओं को लॉन्च करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बॉर्डर के गांवों को देश का पहला गांव घोषित किया है और स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा और पीने के पानी की सप्लाई जैसी जरूरी सुविधाएं देकर उनका चौतरफा विकास कर रही है।

गृह मंत्री शाह द्वारा शुरू की गई

अरुणाचल प्रदेश में 5,610 करोड़ रुपये से ज्यादा की चार बड़ी विकास परियोजनाओं को लॉन्च किया

इन परियोजनाओं में मिशन शिक्षित अरुणाचल- फेज टू, विद्युत विकास परियोजना, ग्रामीण सड़क विकास के काम और 11 बॉर्डर जिलों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 199 परियोजनाएं शामिल हैं। गृह मंत्री ने कहा कि वीवीपी के जरिए सरकार का मकसद देश के सभी सीमावर्ती गांवों को विकसित करना और लोगों को बेहतर रोजी-रोटी के मौकों और सुविधाओं की तलाश में शहरी इलाकों में जाने से रोकना है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। अगर गांव वाले आर्थिक और दूसरे तरीकों से मजबूत होंगे, तो उनकी जीवन शैली बदलेगी और उनकी खुशी बढ़ेगी।

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना और इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के जवान



सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के कृषि उत्पादन को बढ़ाने और उनके स्थानीय तौर पर उगाए गए उत्पादों की मार्केटिंग में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे सेना और आईटीबीपी के जवान स्थानीय तौर पर उगाई गई फसलों और खाने की चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं, सीमावर्ती गांवों के साथ उनका इमोशनल रिश्ता मजबूत होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव मूवमेंट अरुणाचल प्रदेश को दूध, अंडे, मछली और मांस के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा, जिससे ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों के लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अगर वे काफी मात्रा में दूध का उत्पादन करते हैं, तो राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और अमूल उनका उत्पाद खरीदेंगे। गृह मंत्री ने घोषणा की कि एनडीडीबी की एक टीम जल्द ही अरुणाचल प्रदेश भेजी जाएगी, ताकि राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ाने और डेयरी सेक्टर को मजबूत करने की सभी संभावनाओं का पता लगाया जा सके। शाह ने दावा किया कि केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश के चौतरफा विकास के लिए चार गुना से ज्यादा पैसे दिए हैं।

उन्होंने कोऑपरेटिव मूवमेंट में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप कोऑपरेटिव सेक्टर को बढ़ाने और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। गृह मंत्री ने सरस मेले का उद्घाटन भी किया और ग्रामीण विकास को मजबूत करने और जरूरी सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने के मकसद से शुरू की गई पहलों के तहत एक मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाई। दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर में हुए इस इवेंट ने अरुणाचल प्रदेश में कोऑपरेटिव सेक्टर को मजबूत करने और इसे ज्यादा मजबूत, आत्मनिर्भर और सबको साथ लेकर चलने वाला बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम दर्शाया।

मतदाता सूची में त्रुटि मिली तो अधिकारियों की खैर नहीं, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पुनरीक्षण कार्य तेज कर दिया है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। निर्वाचन कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को विधानसभा क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित कर मतदाता सूची का गहन सत्यापन कराने को कहा। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का विवरण जांचने, डुप्लीकेट



नामों को नियमानुसार हटाने तथा नाम, पिता के नाम और अन्य विवरणों में त्रुटियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित मतदाताओं से फार्म-8 प्राप्त कर संशोधन की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

डीएम ने जनपद में 100 वर्ष से अधिक आयु के 109 मतदाताओं और 50 ट्रांसजेंडर मतदाताओं का दोबारा सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल करना और अपात्र एवं दोहराव वाले नामों को हटाकर निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है।

12.28 लाख से अधिक मतदाता दर्ज

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 12 नवंबर 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। तीन अक्टूबर 2026 से पहले जनपद में 11,94,797 मतदाता पंजीकृत थे, जबकि पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में यह संख्या बढ़कर 12,28,746 हो गई है। इनमें 6,32,396 पुरुष, 5,96,300 महिलाएं और 50 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

गोहना नदी पर बनेगा 120 मीटर लंबा पुल 5.75 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

उत्तम भारत संवाददाता

विकासनगर। विकासनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। गोहना नदी पर बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री की वर्ष 2016 की घोषणा के तहत प्रस्तावित इस पुल के लिए शासन ने 20 नवंबर को 575.33 लाख रुपये (5.75 करोड़ रुपये से अधिक) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। पुल की लंबाई 120 मीटर होगी। पुल निर्माण की मांग वर्षों से उठ रही थी। बरसात में गोहना नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों और विद्यार्थियों को आवागमन में



भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार आवाजाही जोखिमपूर्ण हो जाती थी।

विधायक प्रतिनिधि एवं जनसेवी डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए शासन-प्रशासन के स्तर पर लगातार पैरवी की। उन्होंने ज्ञापन देने के साथ पत्राचार किया और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई। उनकी शिकायत संख्या CMHL-102026-2-1169004 के माध्यम से भी मामले की पैरवी जारी रही। गत 6 नवंबर को विभागीय समिति की बैठक में निर्माण कार्य को स्वीकृति देने पर सहमति बनी थी। अब वित्तीय स्वीकृति मिलने से वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।

डॉ. तोमर ने इसे क्षेत्रवासियों के संघर्ष और विश्वास की जीत बताते हुए शीघ्र निर्माण शुरू होने की उम्मीद जताई।

भूमि पूजन के साथ बैकुंठ चतुर्दशी मेले का शंखनाद, तैयारियां तेज

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। देवभूमि श्रीनगर में ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी मेला एवं विकास प्रदर्शनी-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को आवास विकास मैदान में महापौर आरती भंडारी और नगर आयुक्त नुपुर वर्मा की मौजूदगी में विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। पंडित विपिन थपलियाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला श्रीनगर की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक है। नगर निगम इस वर्ष मेले को पहले से अधिक भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रयासरत है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, सुरक्षा



और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मेले में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान और विकास कार्यों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगी। स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा। भूमि पूजन के साथ ही आवास विकास मैदान में मंच, स्टॉल, झूले और सजावट सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इस अवसर पर पार्षद दिनेश पटवाल, प्रवेश चमोली, पंकज सती, आशीष नेगी, अंजनी भंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

विवाह की खुशियों के बीच नवदंपति ने रोपा अमरूद का पौधा

दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। देवभूमि उत्तराखंड की लोकपरंपराओं को आगे बढ़ाते हुए पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड खिर्सू के ग्राम मलुण्ड में एक नवदंपति ने विवाह के शुभ अवसर पर अमरूद का समलौण पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ग्राम मलुण्ड निवासी माधो सिंह रावत एवं सीमा देवी की पुत्री के विवाह के अवसर पर वर हरेन्द्र और वधू सपना ने अपने घर के आंगन में पौधारोपण कर वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत को यादगार बनाया। पौधे के संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी दुल्हन की माता सीमा देवी ने ली।

कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना की नायिका लक्ष्मी देवी ने किया। उन्होंने कहा कि मांगलिक अवसरों पर पौधारोपण की परंपरा पर्यावरण संरक्षण के साथ पारिवारिक रिश्तों और लोकसंस्कृति को भी मजबूती प्रदान करती



है। उन्होंने ग्रामीणों से पौधों के संरक्षण, जंगलों को आग से बचाने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की।

इस पहल से प्रभावित होकर दूल्हे हरेन्द्र ने समलौण सेना के कार्यों की सराहना करते हुए 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। इस अवसर पर समलौण सेना की सदस्य बाबा देवी, शोभना देवी, पिंकी देवी, प्रमिला देवी सहित ग्रामीण, घराती और बाराती मौजूद रहे।

मासूम बच्चियों की हत्या के विरोध में मौन प्रदर्शन

जूतों की माला पहनकर जताया आक्रोश

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 15 दिनों के भीतर दो और झारखंड में एक मासूम बच्ची की हत्या की घटनाओं के विरोध में रविवार को भगत सिंह चौक पर शोक-चेतना सभा व मौन प्रदर्शन किया गया। 'कर्म योग एवं सहयोग साधना समिति' के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा ने अपनी पत्नी मीरा वर्मा संग गले में जूतों की माला पहनकर व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश जताया। वर्मा ने बताया कि अपराध मुक्त देश और बेटियों की सुरक्षा के संकल्प के साथ वे 10 जून 2018 से माताजी के हाथों पहनी जूतों की माला धारण कर सत्याग्रह कर रहे



हैं। उन्होंने कहा कि देरी से मिला न्याय पीड़ितों के साथ दोबारा अन्याय है। समिति ने त्वरित न्यायिक प्रक्रिया, व्यवस्था में तकनीकी निष्पक्षता और निर्भया फंड से पीड़ित व शहीद परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की। अंत में मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत बच्चियों को श्रद्धांजलि दी गई।

बाजपुर पुलिस ने दबोचे लंबे समय से फरार 8 वारंटी

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बाजपुर कोतवाली पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 8 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। उधम सिंह नगर एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर काशीपुर एसपी और बाजपुर सीओ के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने विभिन्न न्यायालयों से जारी गैर-जमानती वारंटों की तामीली करते हुए इन आरोपियों को धर दबोचा।



गिरफ्तार आरोपियों में:

आबकारी एक्टः बाबू राम (ग्राम नरखेड़ा) और कुलवंत सिंह (रजपुरा नं. 02, बन्नाखेड़ा)।

चेक बाउंसः मो. रफी, अनीस सैफी (निवासी चकरपुर), बाले सिंह (दौलतपुरी रजपुरा) और अली हुसैन (बरहैनी)।

चोरी व मारपीटः सोनू (चकरपुर) और बादल सिंह (हुसनगंज, बरहैनी)। पुलिस ने सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अभियान में एसएसआई जसविन्दर सिंह, चौकी प्रभारी बन्नाखेड़ा सुरेन्द्र सिंह खडायत व चौकी प्रभारी बरहैनी मनोज देव सहित पुलिस टीम शामिल रही।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर रुड़की में निकला भव्य नगर कीर्तन

जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

उत्तम भारत संवाददाता

रुड़की। श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रुड़की में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया।

नगर कीर्तन का शुभारंभ गुरुद्वारा कलगीधर, रामनगर से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ देर शाम गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सिविल लाइंस पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन की अगुवाई पंच प्यारों ने की। इस दौरान उन्हें पुष्टाहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



नगर कीर्तन की विशेषता रही कि गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। उनके आगे सेवादार पुष्पवर्षा करते हुए चल रहे थे, जबकि महिला सेवादार झाड़ू लगाकर मार्ग की सफाई कर रही थीं। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई सभा के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता की सेवा का संदेश दिया। सरदार तरनदीप सिंह ने कहा कि गुरु जी का सिद्धांत 'नाम जपो, कीरत करो और वंड छको' आज भी समाज को ईश्वर स्मरण, ईमानदारी और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देता है। आयोजन में विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों एवं श्री सुखमनी साहित्य सेवा सोसाइटी का विशेष सहयोग रहा। सिविल लाइंस स्थित सत्संग सभा, जादूगर रोड गुरुद्वारा कमेटी की ओर से भी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर हरमीत सिंह दुआ सहित अमरजीत सिंह, जसमीत सिंह, गुरजोत सिंह, जतिंदर पाल सिंह, जगजीत सिंह, नवीन सिंह, नवनीत सिंह, सतबीर सिंह, जसप्रीत सिंह, सिमरजीत सिंह, मंजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आईआईटी बॉम्बे में सम्मानित होंगे गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉ. नरेंद्र कुमार

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में कार्यरत युवा शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता डॉ. नरेंद्र कुमार का चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भू-स्थानिक सम्मान-2026 की उदीयमान संकाय अध्येता श्रेणी में किया गया है। उन्हें यह सम्मान एक दिसंबर 2026 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

आईआईटी बॉम्बे की आयोजन समिति ने उनके चयन की आधिकारिक घोषणा की है। डॉ. कुमार को भू-स्थानिक तकनीक, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), सुदूर संवेदन, डिजिटल मानचित्रण और मुक्त स्रोत मानचित्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया



जाएगा।

डॉ. कुमार शिक्षण, शोध एवं प्रशिक्षण के माध्यम से आधुनिक भू-स्थानिक तकनीक को विद्यालयी शिक्षा और स्थानीय विकास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उनका विशेष जोर विद्यार्थियों और स्थानीय समुदायों को मानचित्रण तकनीक से जोड़कर प्राकृतिक संसाधनों, स्वास्थ्य सुविधाओं और आपदा जोखिमों से संबंधित जानकारी जुटाने पर है।

उनकी उपलब्धियों में वर्ष 2026 की वैश्विक मुक्त मानचित्रण गुरु अध्येतावृत्ति और वर्ष 2024 की एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय अध्येतावृत्ति भी शामिल हैं। वे अंतरराष्ट्रीय मानचित्रकला संघ के विभिन्न आयोगों में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर रहे हैं। गौरतलब है कि इसी समारोह में गढ़वाल विश्वविद्यालय को भी राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के सम्मान के लिए चयनित किया गया है। डॉ. नरेंद्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के मार्गदर्शन, शिक्षकों, सहकर्मियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के सहयोग को दिया। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय सहित उत्तराखंड के शैक्षणिक एवं शोध जगत में खुशी का माहौल है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गपाल को भेंट की आदि शक्ति मां अवंतिका पुस्तक

उत्तम भारत संवाददाता

हल्दूचौड़। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक रमाकान्त पन्त ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं लालकुआं के वरिष्ठ नेता हरीश चन्द्र दुर्गपाल को अपनी पुस्तक आदि शक्ति मां अर्वतिका भेंट की। इस दौरान मां अर्वतिका की महिमा, मंदिर की धार्मिक मान्यताओं और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को लेकर चर्चा हुई।

दुर्गपाल ने मां अर्वतिका के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनकी महिमा को अपरंपार बताया। वहीं लेखक रमाकान्त पन्त ने कहा कि पुस्तक के माध्यम से मां अर्वतिका की महिमा, मंदिर से जुड़ी धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य उत्तराखंड की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को साहित्य के माध्यम



से संरक्षित करना और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ना है। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं और दुगार्पाल के सार्वजनिक जीवन में योगदान पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुलाकात धार्मिक आस्था, साहित्य और क्षेत्रीय संस्कृति के प्रति सम्मान के भाव के साथ संपन्न हुई।

साहित्य अकादमी के सचिव प्रो. वरुण गुलाटी की डॉ. 'निशंक' से भेंट, किया साहित्यिक विमर्श

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। साहित्य अकादमी के सचिव प्रो. वरुण गुलाटी ने आज लेखक गाँव का भ्रमण किया। लेखक गाँव की साहित्य, संस्कृति, प्रकृति और भारतीय ज्ञान परंपरा को समर्पित परिकल्पना एवं यहां विकसित विभिन्न सुविधाओं से वह प्रभावित हुए। उन्होंने नालंदा पुस्तकालय, तक्षशिला भवन, अटल प्रेक्षागृह, प्रकृति की पाठशाला, हिमालय संजीवनी वाटिका सहित विभिन्न अवस्थापनाओं का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने लेखक गाँव के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री



एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक से भेंट की। प्रो. वरुण गुलाटी ने लेखक गाँव की अवधारणा को अद्भुत बताते हुए साहित्य, संस्कृति एवं सृजनात्मक गतिविधियों के लिए इस तरह के केंद्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहित्य अकादमी और लेखक गाँव के बीच शीघ्र ही एमओयू किया जाएगा, जिससे दोनों संस्थान साहित्यिक गतिविधियों, कार्यक्रमों और रचनात्मक संवाद को मिलकर आगे बढ़ा सकें।

डॉ. निशंक ने कहा कि लेखक गाँव साहित्य, संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा और प्रकृति के संरक्षण-संवर्धन को समर्पित एक अभिनव पहल है। उन्होंने साहित्य अकादमी के साथ प्रस्तावित सहयोग को साहित्यिक गतिविधियों के विस्तार और देश की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. विद्या जोशी, विजय नवानी सहित लेखक गाँव परिवार के अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

मशीन की चपेट में आकर श्रमिक की दर्दनाक मौत

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर-रुद्रपुर हाईवे स्थित शुक्लांबरा पेपर मिल में काम के दौरान एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि काम करते समय श्रमिक मशीन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

साथी श्रमिकों ने आनन-फानन में उसे गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। श्रमिक की मौत की खबर



मिलते ही मिल परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। मिल प्रबंधन से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

जवानों और जेलों में बंद कैदियों तक शिक्षा पहुंचाएगा यूओयू

कम नामांकन वाले अध्ययन केंद्रों के विद्यार्थी भी होंगे लाभान्वित

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) ने उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय की ओर से सैन्य अध्ययन केंद्रों में तैनात जवानों, जेलों में स्थापित विशेष अध्ययन केंद्रों के बंदियों और कम नामांकन वाले अध्ययन केंद्रों के विद्यार्थियों के लिए 23 नवंबर से विशेष ऑनलाइन परामर्श सत्र शुरू किए जाएंगे।

कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम 23 नवंबर 2026 से 7 जनवरी 2027 तक चलेगा। इसके तहत सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित होंगी। कुल 32 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा।

इन विषयों में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, इतिहास, राजनीति विज्ञान,



पत्रकारिता, मनोविज्ञान, वाणिज्य, गणित, विज्ञान, समाजशास्त्र, विधि, कंप्यूटर विज्ञान, योग, भूगोल एवं जीआईएस सहित अन्य विषय शामिल हैं। विद्यार्थियों को जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कक्षाओं से जोड़ा जाएगा।

आदर्श अध्ययन केंद्र, हल्द्वानी के समन्वयक डॉ. विशाल कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसी भी विद्यार्थी को भौगोलिक दूरी, कार्यक्षेत्र या सीमित नामांकन के कारण शैक्षणिक मार्गदर्शन से वंचित नहीं रहने देना है। वहीं पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. (डॉ.) राकेश चन्द्र रयाल ने कहा कि तकनीक के माध्यम से विषय विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षणिक समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

विश्वविद्यालय की इस पहल से दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ सैन्य जवानों और जेलों में बंद शिक्षार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

देवलेश्वर महादेव के जयकारों से गूंज उठी गगवाड़स्यूं घाटी

उत्तम भारत संवाददाता

पौड़ी/श्रीनगर गढ़वाल। गगवाड़स्यूं घाटी के बलोड़ी गांव स्थित सिद्धपीठ देवलेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को 11वां बैकुंठ चतुर्दशी मेला धूमधाम से आयोजित किया गया। मेले में 34 से अधिक गांवों के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महादेव के जयकारों से पूरी घाटी शिवमय हो उठी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया और ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी ने भी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक



मेले हमारी लोक संस्कृति और प्राचीन परंपराओं को जीवंत रखने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

मंदिर समिति के सदस्य जगत किशोर बड़थ्वाल ने बताया कि पिछले वर्ष जिलाधिकारी द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप मंदिर परिसर में देवपथ, टीनशेड, हॉल, मंच और परिक्रमा पथ का निर्माण कराया गया है। साथ ही मंदिर के इतिहास और स्थापत्य कला की जानकारी देने वाले सूचना-पट्ट भी लगाए गए हैं।

मेले का मुख्य आकर्षण कृष्णानंद नौटियाल के नेतृत्व में प्रस्तुत महाभारत प्रसंग पर आधारित कमलव्यूह का नाट्य मंचन रहा। कलाकारों के शानदार अभिनय और प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

देहरादून

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में तीसरी बार 60 पार का लक्ष्य रखा

देहरादून/हरिद्वार, एजेंसी। उत्तराखंड में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए 60 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रेम आश्रम में आयोजित रविवार को पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की पारित राजनीतिक प्रस्ताव में डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर दिया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने रविवार को बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में उत्तराखंड में विकास और विरासत के क्षेत्र में कई काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम में सुविधाओं के विस्तार, सड़क और हवाई संपर्क में सुधार तथा निवेश बढ़ने से पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं।

भट्ट ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी), धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगारोधी कानून को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। उन्होंने दावा किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत 13 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून और लखपति दीदी योजना से



युवाओं तथा महिलाओं को लाभ मिला है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना होगा। इसके लिए पंजाबी, सिख, ओबीसी, अनुसूचित जनजाति, युवा और महिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर जन आशीर्वाद यात्रा भी निकाली जाएगी।

बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पेश करते हुए राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि उत्तराखंड लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद बना है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य बनाया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसे विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में केंद्र सरकार की ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें जमरानी, लखवाड़, किसाऊ और त्यूणी-प्लासू बांध परियोजनाएं शामिल हैं।

बंसल ने कहा कि चारधाम यात्रा, योग, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के कारण उत्तराखंड देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना है। उन्होंने दावा किया कि इस वर्ष करीब 63 लाख श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की।

उन्होंने होमस्टे योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और रिवर्स पलायन का माध्यम बताया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 2,200 स्टार्टअप संचालित हैं और 47 हजार स्वयं सहायता समूह महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में योगदान दे रहे हैं। सरकार ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण, खिलाड़ियों को चार प्रतिशत दिया है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को बनेगा हॉटस्पॉट क्षेत्रों का डेटाबेस

संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। जनपद में बढ़ती मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक कार्ययोजना तैयार करने की पहल की है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने वन विभाग को पिछले 10 वर्षों की घटनाओं का क्षेत्रवार डेटाबेस तैयार कर संवेदनशील इलाकों और हॉटस्पॉट की मैपिंग करने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं प्रबंधन समिति की बैठक में डीएम ने कहा कि हाथी, गुलदार, बाघ, भालू और सांपों की आवाजाही वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर निगरानी बढ़ाई जाए। संवेदनशील इलाकों में कैमरा ट्रैप, निगरानी कैमरे और अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने के साथ वन विभाग



की पेट्रोलिंग और क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने स्थानीय लोगों को लाठी, टॉर्च और लाउड हेलर जैसे सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने तथा जंगल से सटे गांवों में झाड़ियों की कटाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही हाथी प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को गन्ना और धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। वन्यजीवों को आबादी की ओर आकर्षित करने वाले कारकों पर नियंत्रण और कूड़े का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

डीएम ने वन्यजीव संघर्ष एवं वनाग्नि की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर 1926 का प्रचार-प्रसार करने तथा स्कूली बच्चों और किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में वन विभाग के एसीएफ अभिषेक मैठाणी ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक जनपद में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में 35 लोगों की मौत हुई है। इनमें हाथी के हमले से 10, गुलदार से 11, सांप के काटने से 13 और भालू के हमले से एक व्यक्ति की जान गई है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, उप प्रभागीय वनाधिकारी आरती मैठाणी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस ने रबर की ट्यूब में भरी 65 लीटर शराब को किया जप्त

उत्तम भारत संवाददाता

नानकमत्ता (उधमसिहनगर)। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद कर फरार आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है।

रविवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रतापपुर चौकी पुलिस ने संदिग्ध एवं नशा तस्करो ने विरुद्ध की जा रही निगरानी के दौरान चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम प्रतापपुर के एक घर से तेज गति से मोटरसाइकिल लेकर निकले व्यक्ति पर शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया,पुलिस को अपने पीछे आता देख आरोपी ग्राम प्रतापपुर की ओर कच्चे रास्ते में मय मोटरसाइकिल लदी कच्ची शराब से भारी रबर की ट्यूब छोड़कर तस्कर देवाह नहीं के किनारे खड़ी झाड़ियों की आड लेकर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से शराब व मोटरसाइकिल सख्या वड06इछ-9274 को अपने कब्जे में लेकर मोटरसाइकिल के रजिस्टेशन पर दर्ज कुलदीप सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी ग्राम खमरिया, कोतवाली नानकमत्ता, जिला उधमसिंहनगर के नाम व पते होने पर फरार आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1), 72 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस की टीम में उप निरीक्षक राजेन्द्र पन्त, मुख्य आरक्षी रघुनाथ गोस्वामी, सिपाही दिनेश चन्द्र पाण्डेय, शामिल हैं।

पॉलीप्लैक्स कॉलोनी में एक ही रात तीन फ्लैटों के टूटे ताले, लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर स्थित पॉलीप्लैक्स कॉलोनी में चोरों ने एक ही रात में तीन बंद फ्लैटों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना से कॉलोनी के निवासियों में दहशत का माहौल है।

पीड़ित मनेन्द्र सिंह की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 20-21 नवंबर की रात करीब 2:17 बजे अज्ञात चोरों ने फ्लैट नंबर डी-23, डी-28 और डी-35 के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मनेन्द्र सिंह के फ्लैट से 35 हजार रुपये नकद, करीब 60 ग्राम सोने और दो किलो से अधिक चांदी के आभूषण तथा दो घड़ियां ले गए। वहीं बबलू सिंह के फ्लैट से चार लाख रुपये नकद और एक घड़ी चोरी हुई। तीसरे फ्लैट निवासी हरीश चन्द्र नैलवाल के यहां से 35 हजार रुपये नकद, करीब 150 ग्राम सोने के



आभूषण और लगभग 850 ग्राम चांदी के जेवरात व सिक्के चोरी कर लिए गए।

एक ही रात में तीन फ्लैटों में हुई चोरी से क्षेत्रवासियों में रोष है। पीड़ितों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज करने, चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

बच्चों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए भोजन माताओं को दिया प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। स्कूली बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से भोजन माताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भोजन तैयार करने, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण और बच्चों को स्वच्छ वातावरण में भोजन परोसने की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान भोजन माताओं को रसोई की साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा के मानकों और भोजन पकाने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। साथ ही सैद्धांतिक जानकारी के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में भोजन माताओं के साथ विद्यालय के स्टाफ ने भी प्रतिभाग किया।

अक्षय पात्र फाउंडेशन के क्लस्टर हेड वेनतया दास के



निर्देशन में डिस्ट्रीब्यूशन हेड किशन दुबे और प्रीति राणा ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर प्रशिक्षण दिया। फाउंडेशन का उद्देश्य मध्याह्न भोजन व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण बनाना और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) मुख्यालय में रविवार को कांग्रेस महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा की उपस्थिति में आयोजित बैठक में चकराता



विधायक एवं उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और पलायन जैसे मुद्दों पर भी मंथन किया गया। पार्टी नेताओं ने इन विषयों को लेकर जनता के बीच जाने और संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय बनाने पर जोर दिया। आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी की रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

त्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं एआईसीसी प्रशासन प्रभारी गुरदीप सिंह सप्पल, पश्चिम बंगाल प्रभारी प्रकाश जोशी, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, विधायक एवं एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक विक्रम सिंह नेगी, उत्तराखंड कांग्रेस के सह-प्रभारी एवं एआईसीसी सचिव सुरेंद्र शर्मा और मनोज यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने किया राष्ट्रपति निकेतन का भ्रमण



उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने रविवार को देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर का अवलोकन कर इसके ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला, प्राकृतिक सौंदर्य और यहां संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों से राष्ट्रपति निकेतन के इतिहास, भवनों के संरक्षण एवं रखरखाव तथा आगंतुकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति निकेतन देश की ऐतिहासिक विरासत और स्थापत्य कला का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसकी ऐतिहासिक पहचान और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विकास करना सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों को आमजन के भ्रमण के लिए सुलभ बनाने से लोगों को देश की विरासत, इतिहास और संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिलता है। ऐसे स्थलों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों को अपनी ऐतिहासिक धरोहर से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि लगभग 21 एकड़ में विस्तृत राष्ट्रपति निकेतन ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध जैव विविधता का संगम है। वर्ष 2025 में पहली बार इसे आम नागरिकों के भ्रमण के लिए खोला गया था। परिसर में ऐतिहासिक भवन, राष्ट्रपति के अंगरक्षक दल के अस्तबल, सुंदर उद्यान और विभिन्न प्राकृतिक आकर्षण मौजूद हैं।

चोरों ने मोबाइल फोन व नगदी पर किया हाथ साफ



उत्तम भारत संवाददाता

नानकमत्ता। बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर मोबाइल फोन तथा नगदी चोरी कर ले गए पीड़िता द्वारा घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिद्धा नवदिया निवासी शीला कौर पत्नी गुरचरण सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि बीती रात करीब 2:30 बजे उसके घर में चोर घुस आए तथा घर में रखें दो मोबाइल फोन तथा 7000 हजार की नगदी से भरा पर्स चोरी कर ले गए हैं। चोरी की घटना पड़ोस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है , पीड़िता द्वारा घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी गई है इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को सौंप गई लिखित तहरीर में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

हिमालय की दुर्गम राहों पर साइकिलिस्टों का रोमांच, सुरक्षा में मुस्तैद रही चमोली पुलिस

उत्तम भारत संवाददाता

चमोली। पांचवें अल्टीमेट उत्तराखंड हिमालयन एमटीबी चैलेंज-2026 के तहत देश-विदेश के साइकिलिस्टों का दल रविवार को चमोली जनपद से गुजरा। इस दौरान चमोली पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी मुस्तैदी से निभाई। पुलिस ने साइकिलिस्टों के दल को एस्कॉर्ट करते हुए जनपद की सीमा से सकुशल रुद्रप्रयाग के लिए रवाना किया।

20 नवंबर से शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता उत्तराखंड के 10 जनपदों से होकर लगभग 658 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। प्रतियोगिता का समापन 26 नवंबर को मसूरी में होगा। इसमें देश के करीब 18 राज्यों के माउंटेन साइकिलिस्टों के साथ अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी और भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना तथा आईटीबीपी के साइकिलिस्ट भी हिस्सा ले रहे हैं। रविवार, 22 नवंबर को साइकिलिस्टों का दल बैजनाथ-ग्वालदम-थराली-नारायणबगड़-कर्णप्रयाग मार्ग से चमोली पहुंचा। यहां से दल



तिलवाड़ा, जनपद रुद्रप्रयाग के लिए रवाना हुआ। साइकिलिस्टों के सुरक्षित और सुगम सफर के लिए चमोली पुलिस ने जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही पूरे दल को एस्कॉर्ट किया। मार्ग में पड़ने वाले भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख चौराहों, तिराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था संभालते हुए यह सुनिश्चित किया कि साइकिलिस्टों को रास्ते में किसी तरह की अनावश्यक रुकावट या परेशानी न हो।

पुलिस की सतर्कता और बेहतर प्रबंधन के चलते साइकिलिस्टों का दल निर्धारित मार्ग से बिना किसी व्यवधान के सकुशल गुजरा और रुद्रप्रयाग के लिए रवाना हुआ। चमोली पुलिस का कहना है कि जनपद से गुजरने वाले प्रत्येक यात्री, पर्यटक और प्रतिभागी की सुरक्षा उसकी प्राथमिकता है, ताकि देवभूमि उत्तराखंड से हर कोई सुखद अनुभव लेकर लौटे।

चमोली पुलिस का ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्त प्रहार

नशे में वाहन चलाते चालक को किया गिरफ्तार, टाटा सूमो सीज

उत्तम भारत संवाददाता

गोपेश्वर। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर चमोली पुलिस ने ह्यड्रिंक एंड ड्राइवह्ल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस उपाधीक्षक यातायात त्रिवेन्द्र सिंह राणा के निर्देशों पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते एक चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, 21 नवंबर 2026 को चौकी पटियालधार, गोपेश्वर के समीप पुलिस उपाधीक्षक यातायात त्रिवेन्द्र सिंह राणा चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति और लापरवाही से आ रही टाटा सूमो को जांच के लिए रोका गया। वाहन चालक ऋतिक, निवासी कोतवाली गोपेश्वर, अत्यधिक शराब के नशे में वाहन चलाता पाया गया।

कोतवाली गोपेश्वर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चालक को मौके से गिरफ्तार कर उसका मेडिकल



परीक्षण कराया। परीक्षण में शराब का अत्यधिक सेवन किए जाने की पुष्टि हुई।

पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। साथ ही चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

चमोली पुलिस की सख्त चेतावनी

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब पीकर वाहन चलाना केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिंदगी को खतरे में डालने वाला गंभीर कृत्य है। ऐसे लापरवाह चालकों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वाहन सीज और ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। चमोली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे की हालत में कभी वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाएं।

विकासनगर में हिस्ट्रीशीटर समेत तीन गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

विकासनगर (देहरादून)। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विकासनगर कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन अवैध खुखरियां बरामद की हैं। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर 21 और 22 नवंबर की मध्यरात्रि पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग पुलिस टीमों ने संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे तीन व्यक्तियों को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से अवैध खुखरियां बरामद हुईं।

पुलिस ने आरोपितों की पहचान शाहरुख (30) और इसरार उर्फ रामा (26), निवासी जीवनगढ़ तथा इन्तजार उर्फ जादू (31), निवासी डाकपत्थर के रूप में की है। पुलिस के अनुसार इन्तजार उर्फ जादू विकासनगर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर



है। उसके खिलाफ वर्ष 2017 से अब तक 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीनों आरोपित पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 25/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों के आपराधिक इतिहास की जांच भी की जा रही है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में डाकपत्थर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह, कांस्टेबल पदम सिंह, जसमेर सिंह और दिनेश बाबू शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मानदेय बढ़ोतरी से आंगनबाड़ी कर्मियों में खुशी, मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और भोजन माताओं के मानदेय में दिसंबर 2026 से होने वाली वृद्धि की घोषणा के बाद कर्मचारी संगठनों में खुशी का माहौल है। रविवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन उत्तराखण्ड और उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडलों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडलों ने कहा कि



मानदेय में वृद्धि से लंबे समय से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बाल विकास के क्षेत्र में सेवाएं दे रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को आर्थिक राहत मिलेगी। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक बाल विकास और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके योगदान को देखते हुए राज्य सरकार उनके हितों के संरक्षण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान, सशक्तीकरण और आर्थिक सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है और सरकार उन्हें बेहतर अवसर एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री/ सेविका कर्मचारी यूनियन की प्रांतीय महासचिव चित्रकला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी पंत और उपाध्यक्ष ज्योतिका पांडे मौजूद रहीं। वहीं उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की प्रदेश महामंत्री वृन्दा, प्रदेश अध्यक्ष भगवती बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजमती नेगी सहित दोनों संगठनों के अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन बनेगा उत्तराखण्ड

फिल्म नीति के तहत 3 करोड़ तक सब्सिडी

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयास तेज हो गए हैं। 57वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (IFFI)-2026 के अंतर्गत आयोजित वेव्स फिल्म बाजार में उत्तराखण्ड की फिल्म नीति-2024, प्राकृतिक लोकेशन और फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर विशेष पैनल चर्चा आयोजित की गई।

डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड : व्हेयर नेचर मीट्स सिनेमैटिक मैजिकह्व विषय पर आयोजित चर्चा में उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त निदेशक केएस चौहान, अभिनेत्री एवं फिल्म निमार्ता आरुषि निशंक और फिल्म निमार्ता राम रेड्डी ने विचार रखे।

केएस चौहान ने बताया कि फिल्म नीति-2024 के तहत पात्रता एवं निर्धारित शर्तों के अनुसार हिंदी



फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स के लिए अधिकतम तीन करोड़ रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। सिंगल विंडो व्यवस्था के माध्यम से शूटिंग की अनुमति भी आसान बनाई गई है। उन्होंने कहा कि टैलेंट, ट्रेनिंग और टेक्नोलॉजी (3ळ) मॉडल से स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।आरुषि निशंक ने अपनी वेब सीरीज लाइफ हिल गई का उदाहरण देते हुए उत्तराखण्ड में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं बताईं। वहीं फिल्म निमार्ता राम रेड्डी ने अपनी फिल्म ह्यजुगनुमाह्न की शूटिंग के अनुभव साझा करते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग और प्रदेश की खूबसूरत लोकेशन की सराहना की। चर्चा में मसूरी, नैनीताल, देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को फिल्म शूटिंग के लिए आकर्षक बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि फिल्म निर्माण को बढ़ावा मिलने से स्थानीय कलाकारों, युवाओं और तकनीशियनों को रोजगार मिलेगा। साथ ही पर्यटन, होटल और परिवहन कारोबार को भी लाभ पहुंचेगा।

मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बाल प्रतिभा सम्मान समारोह परिषद की ओर से 28वें बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्रीनगर में किया गया। समारोह में उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 150 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा, पत्रकारिता, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ आचार्य एवं डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के निदेशक प्रो. एम.एम. सेमवाल ने कहा कि लगातार 28 वर्षों से बाल प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परिषद की पहल सराहनीय है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से आगाह करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने व्यस्तता के चलते वर्चुअल माध्यम से समारोह को संबोधित किया। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही नशा उन्मूलन और बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. अखिलेश चंद्र चमोला के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखक एवं शिक्षक डॉ. अखिलेश चंद्र चमोला की पुस्तक ह्यजीवन दर्शन व आत्मबोधह्न का विमोचन भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना गैरोला ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। राज्य आंदोलनकारी उम्मेद सिंह मेहरा ने छात्र-छात्राओं को नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई।

समारोह में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान धीरेन्द्र धीरज बर्तवाल, पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रसाद मैठाणी गोपी तथा चिकित्सा सम्मान मेडिकल कॉलेज के आथोर्पेडिक सीनियर रेजिडेंट डॉ. अनिरुद्ध नेगी को प्रदान किया गया। मंजुला जगुरान स्मृति सम्मान श्वेता बिष्ट को मिला। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए अंजू बमोला, विमला पुरोहित, जयप्रकाश डिमरी, केशवानंद लखेड़ा, सुरेंद्र प्रसाद बमराडा, शंकर भंडारी, अमित कुमार, प्रेम प्रकाश पुरोहित, संतोष पोखरियाल, भगत कांडपाल, आकाशदीप भंडारी, विजयलक्ष्मी राणा और गिरीश डिमरी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनूप नेगी ने किया। परिषद के निदेशक डॉ. अखिलेश चंद्र चमोला ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना और नशामुक्त युवा पीढ़ी का निर्माण करना है। समारोह में महेंद्र नेगी, आशा नेगी, नरेश दत्त पेटवाल सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संजीव आर्य ने किया 65 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

ग्रामीणों ने किया पूर्व विधायक संजीव आर्य का जोरदार स्वागत

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य के सुपुत्र व नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य ने रविवार को क्षेत्र में 65 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम सभा हरिपुरा जबरन, हरसान, डिफेंस कॉलोनी, पंत चौराहा, कपकोट, गोरी छाल, तोता बेरिया, राय सिख समाज हरसान, सेमल, चनकपुर और भूड़पुरी आदि क्षेत्रों का दौरा किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से पूर्व विधायक संजीव आर्य का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में



विधायक यशपाल आर्य को भारी मतों से विजयी बनाकर प्रदेश में सरकार बनाने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डी.के. जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, ग्राम प्रधान अरुण जोशी, उमेद सिंह डोबाल, सुरेश पांडे, प्रमोद जोशी, पूरन बिष्ट, नितिन बिष्ट, रंजीत कोरंगा, उप प्रधान दीपू कोरंगा, बबीता कोरंगा, पूर्व बीडीसी दीपा रौतेला, परवेज अहमद, साजिद प्रधान, अमर रंधावा, बिरसा, रजत भंडारी, पूर्व अध्यक्ष नीरज, ललित चौबे, सुरेश जोशी, अतुल त्यागी, भजन सिंह व राहुल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रृंग ऋषि आश्रम का होगा जीर्णोद्धार तराकुंड भी बनेगा प्रमुख पर्यटन केंद्र

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। पौड़ी जिले के श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों को पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने थलीसैण विकासखंड स्थित श्रृंग ऋषि आश्रम के जीर्णोद्धार और पैठाणी के प्रसिद्ध तराकुंड के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए हैं। इन दोनों स्थलों के विकास के लिए वन एवं पर्यटन विभाग संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार करेंगे।



इस संबंध में कैबिनेट मंत्री ने वन, पर्यटन विभाग और गढ़वाल मंडल विकास निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रृंग ऋषि आश्रम का धार्मिक एवं पौराणिक महत्व है। इसे भव्य धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत मंदिर परिसर में धर्मशाला का निर्माण, श्रृंग ऋषि की विशाल प्रतिमा की स्थापना और आश्रम तक पहुंचने वाले करीब 12 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग का सुधारीकरण किया जाएगा।

डॉ. रावत ने पैठाणी स्थित तराकुंड की प्राकृतिक झील के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के साथ मां तारा मंदिर के विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में प्राकृतिक पर्यावरण और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि श्रृंग ऋषि आश्रम और तारकुंड क्षेत्र की पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। इनके विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

उन्होंने राहु मंदिर, बिनसर महादेव, कमलेश्वर मंदिर और देवलगढ़ को भी एक सुव्यवस्थित पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल डॉ. धीरज पाण्डेय सहित पर्यटन विभाग और गढ़वाल मंडल विकास निगम के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी पौड़ी अशोक जोशी और डीएफओ पौड़ी महातिम यादव ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

स्वरोजगार के विकास में जलागम दे रहा सहयोगः राम सिंह कैड़ा

निर्बल वर्ग को दी जा रही है आर्थिक सहायता

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए जलागम विभाग एक विशेष सहयोगी के रूप में सामने आया है। जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा के मुताबिक उत्तराखण्ड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना के तहत निर्बल वर्ग परिवारों को स्वरोजगार विकसित करने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। यह सहायता ग्राम पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। राम सिंह कैड़ा ने कहा कि इसमें परियोजना क्षेत्र के 7 हजार परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री कैड़ा ने कहा कि मूल रूप से उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों में कृषि-औद्यानिकी को बढ़ावा देने तथा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने आदि विषयों पर काम कर रही है। इसके साथ-साथ समाज के कमजोर वर्ग को स्वरोजगार के क्षेत्र में सहयोग करने का विषय भी इसमें जोड़ा गया है।

परियोजना के तहत व्यक्तिगत लाभार्थियों को 35 हजार तथा समूह को अधिकतम 1 लाख 20 हजार रुपए की मदद की जा रही है। इसमें व्यक्तिगत लाभार्थी मधुमक्खी पालन, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशयन, मुर्गी व बकरी पालन, घराट संचालन आदि का कार्य कर सकता है। समूहों को बैंड



पार्टी, टेंट हाउस, फल संरक्षण, अचार निर्माण, मछली पालन आदि के लिए सहयोग मिल रहा है। कई ग्रामीणों को इसका लाभ मिल भी चुका है।

लाभार्थियों का चयन ग्राम सभा की खुली बैठक में आर्थिक वर्गीकरण के आधार पर किया जाता है। यह परियोजना नैनीताल, अल्मोड़ा, उधमसिंहनगर, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, उत्तरकाशी व रुद्रप्रयाग जिले के 15 ब्लाकों की 519 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है।

जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि परियोजना के लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वरोजगार मजबूत होने से परिवार के उत्थान की एक महत्वपूर्ण नींव तैयार होती है। जल्द से जल्द सभी चयनित लाभार्थियों को सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

देवभूमि पिचैथॉन में 18 उद्यमियों ने पेश किए बिजनेस आइडिया



उत्तम भारत संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड में स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय देवभूमि पिचैथॉन-2026 के दूसरे दिन 18 उद्यमियों ने निवेशकों के सामने अपने बिजनेस आइडिया और उत्पादों की प्रस्तुति दी। स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन घाट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग जगत के विशेषज्ञों और वेंचर कैपिटलिस्टों ने उद्यमियों को निवेश, ब्रांडिंग, बाजार की संभावनाओं और व्यवसाय विस्तार के गुर सिखाए।

जिला उद्योग केंद्र की ओर से 21 से 23 नवंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्टार्टअप्स को निवेशकों से जोड़ना और उनके व्यावसायिक विचारों को व्यावसायिक रूप देने के अवसर उपलब्ध कराना है। विशेषज्ञों ने बेहतर बिजनेस प्लान, वित्तीय प्रबंधन और बाजार की जरूरतों को समझने को सफल उद्यम की प्रमुख शर्त बताया। कार्यक्रम में वेंचर कैपिटल फंडिंग, वित्तीय साक्षरता, मेंटरशिप और महिला उद्यमिता पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए।

पिचैथॉन में आयुर्वेद, फूड प्रोसेसिंग, हथकरघा, हस्तशिल्प और पहाड़ी उत्पादों से जुड़े उद्यमियों ने अपने उत्पादों के स्टॉल भी लगाए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जीवन ऑर्गेनिक्स को प्रथम, मिहो को द्वितीय और ओम इंटीरियर्स को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक आरपी आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ और उद्यमी मौजूद रहे।

हैट्रिक के लिए चुनावी मैदान में उतरें कार्यकर्ता

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लक्ष्य के साथ भाजपा ने चुनावी तैयारियों को तेज करने का बिगुल फूंक दिया है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राम माधव ने कार्यकताओं से ऐतिहासिक हैट्रिक के लिए पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि भी है और वीरभूमि भी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आत्मसात करने वाली भाजपा ही प्रदेश की 'नेचुरल पार्टी ऑफ गवर्नेंस' है। वहीं, प्रदेश सह प्रभारी अरविंद मेनन ने प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य देते हुए संगठन को चुनावी मोड में सक्रिय होने का मंत्र दिया। राम माधव ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने वाली पार्टी नहीं, बल्कि रिकॉर्ड तोड़ने वाली पार्टी है। उत्तराखंड और हिमाचल जैसे राज्यों में हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा को भाजपा ने तोड़ा है। अब दस साल के सफल शासन के बाद पार्टी 15 साल तक लगातार जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में जिस तरह का उत्साह और माहौल है, उसे देखते हुए भाजपा को कोई बाहरी ताकत पराजित नहीं कर सकती। जरूरत केवल कार्यकताओं की निरंतर सक्रियता और एकजुटता बनाए रखने की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और परिश्रम के दम पर टिकट का दावेदार बन सकता है। यहां परिवारवाद और धनबल के आधार पर फैसले नहीं



होते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने टिकट के दावेदारों को नसीहत दी कि टिकट भले ही किसी एक व्यक्ति को मिले, लेकिन जीत पूरे संगठन की होनी चाहिए। सभी कार्यकताओं को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर पार्टी की विजय के लिए काम करना होगा।

राम माधव ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि राज्य के 27 वर्षों के इतिहास में जनता ने 17 वर्षों तक भाजपा को सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश से बदरीनाथ धाम तक हुए विकास कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रतिबद्धता दशार्ते हैं। दिल्ली, पंजाब और हिमाचल से आए विस्तारक भी जिला केंद्रों पर रहकर संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग करेंगे।

वहीं, प्रदेश सह प्रभारी अरविंद मेनन ने बूथ प्रबंधन को चुनावी जीत का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करना है। इसके लिए समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनानी होगी। उन्होंने 'संपर्क, संवाद, सहभाग और सेवा' के मंत्र को अपनाकर जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। मेनन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर घर-घर पहुंचाया जाएगा। कार्यकर्ता व्यक्तिगत संपर्क के साथ सोशल मीडिया और आधुनिक प्रचार माध्यमों का भी प्रभावी इस्तेमाल करें। सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के सामने तथ्यों के साथ रखा जाए।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मेनन ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार का कोई ओलंपिक होता तो कांग्रेस को ही गोल्ड मेडल मिलता। अंग्रेजी वर्णमाला के ए से लेकर जेड तक कोई ऐसा अक्षर नहीं बचा, जिसके नाम पर कांग्रेस के शासनकाल में घोटाले का आरोप न लगा हो। उन्होंने कार्यकताओं से विपक्ष के आरोपों का जवाब सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियों के माध्यम से देने को कहा। दोनों नेताओं के संबोधनों से कार्यकताओं को साफ संदेश दिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियों के प्रचार, सामाजिक समीकरणों और मजबूत जनसंपर्क पर केंद्रित रहेगी। पार्टी नेतृत्व ने हैट्रिक के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संगठन को अभी से पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया।

42 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर देहरादून में मजदूरों का प्रदर्शन

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। न्यूनतम वेतन 42 हजार रुपये प्रतिमाह करने और आशा कार्यकताओं, आउटसोर्स कर्मचारियों सहित योजना आधारित कामगारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को राजधानी देहरादून में मजदूरों ने प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के आह्वान पर आयोजित जुलूस रेलवे स्टेशन से शुरू होकर गांधी पार्क पहुंचा, जहां जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे मजदूरों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, भोजनमाताओं और औद्योगिक श्रमिकों ने भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए ऐक्टू के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड राजीव डिमरी ने केंद्र और राज्य सरकार पर मजदूरों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और कम वेतन से कामगार आबादी परेशान है। मजदूर वर्ग अब अपनी बदहाली और अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदेश की कामगार आबादी अपनी बदहाली का जवाब बदलाव की लहर से देगी।

डिमरी ने चार श्रम संहिताओं को मजदूर विरोधी बताते हुए न्यूनतम वेतन 42 हजार रुपये करने, समान काम



के लिए समान वेतन देने तथा सभी स्कीम वर्कर्स और आउटसोर्स कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग उठाई। भाकपा (माले) के राज्य सचिव इन्द्रेश मैखुरी ने पीआरडी कर्मियों पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए हरिद्वार में मजदूर नेताओं को जिला बदर करने का फैसला वापस लेने की मांग की। ऐक्टू के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और व्यापक किया जाएगा।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। साथ ही मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी अभियान चलाने और आगामी चुनावों में भाजपा सरकार के खिलाफ राजनीतिक गोलबंदी करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सभा का संचालन ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने किया।

उत्तराखंड में हमारा और आपका कमल कमाल कर रहा है : राजनाथ सिंह

हिमालय की तरह अडिग है धामी सरकार, गंगा की धारा की तरह आगे बढ़ रहा उत्तराखंड

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसकी सरकार नहीं, बल्कि उसका संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। सत्ता में रहते हुए भी संगठन की सक्रियता और जीवंतता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रतिबद्धता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हमारा और आपका कमल कमाल कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।



रविवार को हरिद्वार में आयोजित भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा का संगठन देवदार के विशाल वृक्ष की तरह मजबूत और गहरी जड़ों वाला है। प्रदेश में लगातार दो बार भाजपा की सरकार बनना कार्यकताओं के परिश्रम और संगठन की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। पार्टी की विचारधारा सत्ता में रहने या विपक्ष में रहने से प्रभावित नहीं होती।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकताओं के अथक परिश्रम से भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है। आज देश के 20 से अधिक राज्यों में एनडीए की सरकारें होना संगठन की व्यापक स्वीकार्यता को दशार्ता है। भाजपा की वैचारिक नींव का उल्लेख करते हुए उन्होंने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं होने के संकल्प तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को पार्टी की मूल प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना भाजपा का संकल्प है।

कार्यकताओं को दिए संगठन मजबूती के नौ सूत्र

राजनाथ सिंह ने अपने राजनीतिक और संगठनात्मक अनुभव के आधार पर कार्यकताओं को नौ सूत्रों पर विशेष रूप से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और मंत्री बनने के बाद भी जनप्रतिनिधियों का संगठन से जुड़ाव और मजबूत होना चाहिए। मंडल, जिला और बूथ स्तर पर नियमित संवाद और बैठकें होनी चाहिए, ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को संगठन से जुड़ा महसूस करे। उन्होंने कार्यकताओं को जनता के विश्वास का ध्वजवाहक बनने और आपदा, दुर्घटना अथवा संकट के समय सबसे पहले सहायता के लिए पहुंचने वाला व्यक्ति बनने की बात कही। डिजिटल युग में सोशल मीडिया को केवल प्रचार का माध्यम न मानकर जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रभावी जरिया बनाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक संवाद में मयार्दा और शालीनता बनाए रखनी चाहिए। विपक्ष के आरोपों का जवाब तथ्यों के आधार पर दिया जाए। युवाओं को संगठन से जोड़कर उन्हें नेतृत्व और जिम्मेदारी के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को योजनाओं की सूची के बजाय लाभार्थियों के जीवन में आए बदलावों के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कार्यकताओं से नैतिकता, अनुशासन और ईमानदारी बनाए रखने तथा संगठन की एकजुटता को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कहा कि पद और व्यक्तिगत अपेक्षाओं से ऊपर उठकर काम करना ही एक मजबूत संगठन की पहचान है।

धामी सरकार के कार्यों की सराहना

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों और महत्वपूर्ण निर्णयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिमालय की तरह अडिग धामी सरकार के नेतृत्व में उत्तराखंड मां गंगा की धारा की तरह निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने विकास के साथ सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उन्होंने उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य बनने, समान नागरिक संहिता लागू करने, नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा नियंत्रण कानून जैसे निर्णयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश और उद्योगों का विस्तार हो रहा है। स्टार्टअप की बढ़ती संख्या यह दशार्ती है कि युवा अब केवल रोजगार तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं।

उन्होंने अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई, सड़क और रेल कनेक्टिविटी के विस्तार तथा केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में चल रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। महिला सशक्तीकरण और सैनिकों के सम्मान के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि देहरादून के गुन्नियाल गांव में निमार्णाधीन सैन्य धाम सैनिकों के प्रति सम्मान और गौरव का प्रतीक है।

मोदी सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं

राजनाथ सिंह ने कार्यकताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार के फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि कार्यकताओं को सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों की जानकारी तथ्यों के साथ जनता तक पहुंचानी चाहिए।

धामी बोले, विकास कार्यों के दम पर फिर बनाएंगे सरकार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में डबल इंजन सरकार विकास की नई इबारत लिख रही है। महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नकल माफिया पर कार्रवाई के लिए कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से 35 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्तियां दी गई हैं और नकल माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक आरोपितों को जेल भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में 3.56 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। लखवाड़, सौंग, जमरानी और किसाऊ जैसी बहुउद्देशीय बांध परियोजनाओं को भी प्रदेश की जल सुरक्षा, पेयजल और ऊर्जा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा-2026 में 65 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र सरकार के सहयोग से सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हो रहा है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं और खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 480 रुपये किया गया है।

भाजपा सरकार पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस अपने भ्रष्टाचार का हिसाब दे : सुबोध उनियाल

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। भाजपा सरकार को घेरने में जुटी कांग्रेस पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने तीखा पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के बयानों पर पलटवार करते हुए उनियाल ने कहा कि भाजपा सरकार से सवाल पूछने से पहले कांग्रेस को अपने शासनकाल के भ्रष्टाचार का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में उत्तराखंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहा और सरकारी व्यवस्थाओं में अनियमितताओं का बोलबाला था। सुबोध उनियाल ने कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का सबसे ज्यादा खामियाजा प्रदेश के युवाओं को भुगतना पड़ा। सरकारी नौकरियों में योग्यता और मेहनत के बजाय पैसे के प्रभाव को लेकर गंभीर सवाल उठते रहे। युवाओं के बीच ऐसी धारणा बन गई थी कि नौकरी पाने के लिए प्रतिभा



नहीं, बल्कि पैसे की पोटली जरूरी है। उन्होंने सवाल किया कि उस दौर में मेहनती युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ पर कांग्रेस नेतृत्व ने जवाबदेही क्यों तय नहीं की?

उनियाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने नकल माफिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। देश का सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर शिकंजा कसा गया। अब सरकारी नौकरियों में सिफारिश या पैसे की नहीं, बल्कि योग्यता और मेहनत की अहमियत है। प्रदेश में 35 हजार से अधिक सरकारी नियुक्तियां सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

कैबिनेट मंत्री ने शैलजा से सवाल किया कि कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार के आरोपों पर क्या कार्रवाई हुई? सरकारी व्यवस्थाओं में अनियमितताओं के आरोप लग रहे थे, तब कांग्रेस नेतृत्व कहां था? युवाओं के भविष्य पर सवाल उठ रहे थे, तब जवाबदेही किसकी थी?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने कार्यकाल का आईना देखना चाहिए। उत्तराखंड की जनता सब याद रखती है। केवल राजनीतिक बयानबाजी से कांग्रेस अपने पुराने सवालों से बच नहीं सकती। जनता को भाषण नहीं, अपने शासनकाल के भ्रष्टाचार और युवाओं के साथ हुए कथित अन्याय का जवाब चाहिए।

अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का संकल्प : त्रिवेंद्र सिंह रावत

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। भाजपा की विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में प्रस्तुत राजनीतिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, होमस्टे योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और आयुष्मान भारत को जनजीवन में बदलाव लाने वाली महत्वपूर्ण योजनाएं बताया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से उत्तराखंड में 17 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। चारधाम के साथ पांचवें धाम के रूप में सैन्य धाम का निर्माण प्रदेश की सैन्य परंपरा और सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है। सीमांत गांवों को प्रथम गांव के रूप में विकसित करने तथा स्टेट बॉर्डर डेवलपमेंट फंड से आधारभूत सुविधाएं बढ़ाने के प्रयासों से सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं बनी हैं। उन्होंने कहा कि छोटे राज्य में दस मेडिकल कॉलेज होना स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का प्रमाण है। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी देश के अंतिम गांव कहलाने वाले सीमांत गांव अब प्रथम गांव के रूप में पहचान बना रहे हैं। माणा और गूंजी जैसे क्षेत्रों में सड़क, पर्यटन और रोजगार की सुविधाएं बढ़ने से पलायन रोकने और रिवर्स माइग्रेशन को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है।

टम्टा ने रक्षा निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने, नौ करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिलने और सीमांत क्षेत्रों में बीआरओ के माध्यम से सड़क निर्माण को सरकार की उपलब्धियां बताया। उन्होंने हाउस ऑफ हिमालयाज, मानसखंड-केदारखंड मंदिर माला मिशन तथा केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं का भी उल्लेख किया।

सनराइज एकेडमी में खेलकूद दिवस पर दिखा बच्चों का हुनर, उत्तराखंड की संस्कृति ने मोहा मन

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। रायपुर रोड स्थित सनराइज एकेडमी में रविवार को वार्षिक खेलकूद दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट, दौड़ प्रतियोगिताओं, योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा तीन और पांच के विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत उत्तराखंड की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रही।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों के मार्चपास्ट से हुआ। इसके बाद विभिन्न आयु वर्गों के लिए दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने योगाभ्यास के जरिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। कक्षा यूकेजी, एक और दो के विद्यार्थियों ने जंगल डांस की रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय के चारों सदनों ने आकर्षक पीटी प्रदर्शन कर अनुशासन और सामूहिक तालमेल का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओएफडी के मैनेजर विकास वर्धन और विशिष्ट अतिथि अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाल सिंह मेहता उपस्थित रहे। विद्यालय की अध्यक्ष विदुषी निशंक और अधिवक्ता आर्यन देव उनियाल ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीतू तोमर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है।

वैश्विक शांति के लिए समरसता जरूरी: स्वामी अवधेशानंद

हरिद्वार (एजेंसी)। जन्मशताब्दी समारोह के अंतिम दिन के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य अशांति, कलह, उन्माद, अराजकता तथा प्रभुत्व और वर्चस्व की प्रवृत्तियों से जूझ रहा है।

ऐसे समय में विश्व शांति और सामाजिक समरसता की पुनर्स्थापना सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछले सौ वर्षों से निरंतर प्रज्वलित अखंड ज्योति केवल आध्यात्मिक साधना का प्रतीक नहीं, बल्कि मानवता को प्रकाश, सद्भाव और समरसता की दिशा देने वाली प्रेरक शक्ति है।



वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा को आद्यशक्ति का स्वरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके तप, त्याग, करुणा और मातृत्व ने गायत्री परिवार को विराट सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने गायत्री परिवार के कार्यों को विश्वबंधुत्व, मानवीय एकता और सामाजिक समरसता की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

जन्मशताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि वर्तमान समय एक बड़े वैचारिक और नैतिक समुद्र मंथन का काल है। एक ओर त्याग, सेवा, सद्भाव और परमार्थ की शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर स्वार्थ, लोभ, अहंकार और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं मानवता के सामने चुनौती बन रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समुद्र मंथन से विष के बीच अमृत की प्राप्ति हुई, उसी प्रकार आज भी श्रेष्ठ विचारों और संस्कारों से सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

भारतीय संस्कृति के मूल भाव ह्यआत्मवत् सर्वभूतेषुह्ण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सभी प्राणियों में आत्मभाव देखने से ही संवेदना, सह-अस्तित्व और सामाजिक समरसता विकसित होती है। उन्होंने प्रकृति को पूजनीय धरोहर बताते हुए कहा कि वर्तमान संकटों का समाधान केवल बाहरी व्यवस्थाओं से नहीं, बल्कि विचार, भाव और आचरण के परिवर्तन से होगा। स्वार्थ से सेवा और संघर्ष से सहयोग की ओर बढ़ना ही सच्चा युग परिवर्तन है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी देवी स्वरूपा है, इसलिए नारी सम्मान और सशक्तीकरण समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है। सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए उन्होंने ऊंच-नीच और भेदभाव की भावना समाप्त करने का आह्वान किया। महंत रवींद्र पुरी ने गायत्री परिवार के अश्वमेध यज्ञ जैसे आयोजनों को राष्ट्र जागरण और सामाजिक एकता का माध्यम बताया। युवाओं से उन्होंने तकनीक और आधुनिक विज्ञान में आगे बढ़ते हुए अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यही समन्वय भारत को विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाएगा।

पीपलकोटी में पहाड़ी से गिरकर असम के कर्मचारी की मौत



गोपेश्वर (एजेंसी)। चमोली जिले के पीपलकोटी क्षेत्र में पहाड़ी से गिरकर एचसीसी कंपनी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। कर्मचारी के नदी में डूबकर लापता होने की सूचना पर एसडीआरएफ ने रातभर तलाश अभियान चलाया। रविवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। मृतक असम का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि पीपलकोटी क्षेत्र में एचसीसी कंपनी का एक कर्मचारी नदी में डूबकर लापता हो गया है। सूचना पर मुख्य आरक्षी महेश ऐठानी के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रात में नदी के आसपास संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया, लेकिन अंधेरा और कम दृश्यता के कारण सफलता नहीं मिली।

रविवार सुबह टीम ने दोबारा तलाश शुरू की। इस दौरान कर्मचारी का शव बरामद हुआ।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कर्मचारी पहाड़ी से गिर गया था और गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान असम के सोनितपुर निवासी मोहन लोहार के रूप में हुई है।

एसडीआरएफ ने शव को आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेज दिया है।

ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ

ऋषिकेश (एजेंसी)। परमार्थ निकेतन में रविवार को विशाल नेत्र चिकित्सा एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारम्भ हुआ। परमार्थ पीठाधीश्वर स्वामी चिदानन्द सरस्वती, उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और साध्वी भगवती सरस्वती ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर के लिए अब तक 1000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसमें देश-विदेश से आए विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं। इनके माध्यम से व्यक्ति प्रकृति की सुंदरता और जीवन के विभिन्न रंगों को देख पाता है। परमार्थ निकेतन की सेवा परंपरा का मूल मंत्र नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों से आए नेत्र विशेषज्ञों का गंगा तट पर मानवता की सेवा के लिए एकजुट होना वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को साकार करता है। चिकित्सा विज्ञान और मानवीय संवेदना का यह संगम अनेक लोगों के जीवन में नई आशा जगाएगा।



कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में इस तरह के शिविर जनहित में महत्वपूर्ण पहल हैं। मोतियाबिंद का समय पर उपचार होने से मरीज सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। उन्होंने कहा कि परमार्थ निकेतन आध्यात्मिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और मानवीय सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान दे रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि किसी व्यक्ति को दृष्टि मिलना केवल उसकी आंखों का उपचार नहीं, बल्कि पूरे परिवार के जीवन में खुशियां लौटाने जैसा है। जब कोई बुजुर्ग दोबारा अपने परिवार को स्पष्ट देख पाता है या कोई जरूरतमंद बिना सहारे अपने दैनिक कार्य कर पाता है, तभी चिकित्सा सेवा का वास्तविक अर्थ सामने आता है।

उन्होंने शिविर में सेवाएं देने पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार जताया। शिविर में नेत्र शल्य चिकित्सकों, नेत्र रोग विशेषज्ञों, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट और ऑप्टोमेट्रिस्ट सहित विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों की टीम सेवाएं दे रही है। आयोजन में भारत सहित विभिन्न देशों से आए चिकित्सकों और स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। परमार्थ निकेतन की ओर से पिछले 23 वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना है। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच और निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

महिला सुरक्षा और सम्मान का संदेश लेकर 210 लोगों ने निकाली साइलेंट वॉकथॉन



हरिद्वार (एजेंसी)। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन, सुरक्षा, सम्मान और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को जागृति विमेन्स कॉन्फ्रेंस हरिद्वार सोसायटी की ओर से साइलेंट वॉकथॉन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में केयर कॉलेज, डिवाइन कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के विद्यार्थियों, संस्था के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों सहित 210 लोगों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह श्री भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, शंकर आश्रम चौक में हुआ। मुख्य अतिथि एसपी जीआरपी अरुणा भारती ने कहा कि लड़कियों और महिलाओं को मानसिक, वैचारिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनना होगा। घर से बाहर निकलते समय यह संकल्प लेना चाहिए कि न किसी को प्रताड़ित करेंगे और न ही स्वयं अत्याचार सहन करेंगे। महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन और महिला सुरक्षा से जुड़े मोबाइल ऐप की जानकारी रखनी चाहिए। अनावश्यक रूप से मोबाइल और धारावाहिकों पर समय बिताने के बजाय आत्मसुरक्षा और आत्मविकास पर ध्यान देना चाहिए। संस्था की संरक्षिका मंजुला भगत ने अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डाला। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा गंभीर विषय है, साथ ही पुरुषों के सामने आने वाली प्रताड़ना पर भी संवेदनशीलता से विचार होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशिमा श्रवण ने किया। सचिव डॉ. करुणा शर्मा ने अतिथियों और संस्थानों का आभार जताया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन रवाना किया गया। प्रतिभागियों ने शांति और अनुशासन के साथ महिला सुरक्षा और हिंसामुक्त समाज का संदेश दिया। आयोजकों ने कहा कि वॉकथॉन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक महिला सुरक्षा, आत्मसम्मान और समानता का संदेश पहुंचाना था।

सम्पादकीय

मतदाताओं ने हराया नहीं बल्कि जगाया है

राजस्थान की राजनीति में पंचायतीराज चुनाव के नतीजों ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तस्वीर को लेकर नई बहस छेड़ दी है। एक ही दिन में आए परिणामों ने यह संकेत दे दिया है कि प्रदेश की राजनीति अब केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीमित नहीं रहने वाली। हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) का ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ता प्रभाव और कांग्रेस की वापसी ने भाजपा के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इन नतीजों को केवल स्थानीय चुनाव की हार-जीत मानकर नजरअंदाज करना राजनीतिक भूल होगी। वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में तीसरे राजनीतिक विकल्प की संभावना को भी अब गंभीरता से देखना होगा। राजस्थान में सरकार बनाने का रास्ता गांवों और शहरों दोनों से होकर गुजरता है। शहरों के मतदाता सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन ग्रामीण मतदाताओं की नाराजगी सत्ता का समीकरण बदलने की ताकत रखती है। पंचायतीराज चुनाव में भाजपा को मतदाताओं ने पूरी तरह नकारा नहीं है, बल्कि उसे समय रहते जागने का संदेश दिया है। यह संदेश उन जनप्रतिनिधियों के लिए भी है, जिन्होंने चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी। जनता केवल चुनाव के समय किए गए वादों से संतुष्ट नहीं होती, उसे अपने दैनिक जीवन में विकास और बदलाव दिखाई देना चाहिए।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनता ने जिस उम्मीद के साथ सत्ता सौंपी थी, उस उम्मीद पर खरा उतरना अब सरकार और उसके विधायकों की जिम्मेदारी है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्थानीय सुविधाओं से जुड़े काम अधूरे पड़े हैं। जनता को उम्मीद थी कि नई सरकार आने के बाद इन समस्याओं का समाधान तेजी से होगा, लेकिन जहां जनप्रतिनिधियों ने सक्रियता नहीं दिखाई, वहां नाराजगी बढ़ती चली गई। इसका असर पंचायत चुनाव के परिणामों में दिखाई दिया है। कांग्रेस ने इस नाराजगी का राजनीतिक लाभ उठाया, वहीं आरएलपी और निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपनी जगह बनाई।

राजस्थान की राजनीति में हनुमान बेनीवाल की भूमिका को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उनकी पार्टी आरएलपी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यह संकेत दिया है कि जनता के सामने भाजपा और कांग्रेस के अलावा भी विकल्प मौजूद है। यदि आरएलपी पंचायत स्तर पर अपना प्रभाव मजबूत करती है और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहती है तो 2028 के विधानसभा चुनाव में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। तीसरे दल की सफलता केवल चुनावी भाषणों से नहीं आती, बल्कि संगठन, स्थानीय नेतृत्व और जनता के बीच निरंतर संपर्क से आती है। बेनीवाल के सामने भी अपनी राजनीतिक ताकत को स्थायी जनाधार में बदलने की चुनौती रहेगी।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चिंता यह होनी चाहिए कि जिन क्षेत्रों में उसके उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा, वहां आखिर जनता की नाराजगी के कारण क्या रहे। कई स्थानों पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए उम्मीदवारों को जनता ने पहले से ही स्वीकार नहीं किया था। केवल राजनीतिक समीकरण देखकर उम्मीदवारों को टिकट देना हमेशा लाभदायक नहीं होता। जनता के बीच जिसकी छवि और स्वीकार्यता कमजोर हो, उसे पार्टी में शामिल कर चुनाव मैदान में उतारने से पुराने कार्यकर्ताओं में भी असंतोष पैदा होता है। नाराज कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और नए चेहरों को बिना जनभावना समझे आगे बढ़ाना संगठन को कमजोर करता है। इस चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है।

भारत को अपनी ताकत पर रखना होगा भरोसा

कांतिलाल मांडोत

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई भी देश स्थायी मित्र और स्थायी दुश्मन नहीं होता। प्रत्येक राष्ट्र अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखकर विदेश नीति तय करता है। भारत को भी चीन और अमेरिका के साथ संबंधों में इसी वास्तविकता को समझना होगा। चीन की विस्तारवादी मानसिकता और अमेरिका की दोहरी कूटनीति दोनों भारत के सामने अलग-अलग चुनौतियां खड़ी करती रही हैं। भारत ने हमेशा शांति, सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को महत्व दिया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि कोई देश हमारी उदारता को कमजोरी समझने लगे। चीन की भारत के प्रति नाराजगी और प्रतिस्पर्धा का इतिहास आज का नहीं है। अंग्रेजी शासन के दौर से ही दोनों देशों के बीच सीमाओं और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर मतभेद रहे। आजादी के बाद भारत ने चीन के साथ मित्रता स्थापित करने की पहल की। भारत ने एशिया में सहयोग और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का संदेश दिया, लेकिन चीन ने 1962 के युद्ध के माध्यम से भारत को ऐसा



घाव दिया जिसकी याद आज भी राष्ट्रीय सुरक्षा के सवाल पर सामने आती है। चीन ने शायद उस समय यह मान लिया था कि भारत लंबे समय तक उसकी चुनौती नहीं बन पाएगा। लेकिन आज का भारत 1962 वाला भारत नहीं है। आर्थिक विकास, आधुनिक तकनीक, अंतरिक्ष कार्यक्रम, मजबूत सैन्य क्षमता और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव ने भारत की स्थिति बदल दी है। चीन आज भी अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसकी गतिविधियां और सैन्य मौजूदगी भारत के लिए चिंता का विषय हैं। पाकिस्तान के साथ उसकी नजदीकी भी किसी से छिपी नहीं है। जब पाकिस्तान आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय दबाव से गुजर रहा था, तब चीन ने उसे आर्थिक सहायता और निवेश के माध्यम से अपने प्रभाव में बनाए रखा। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसी रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण है। पाकिस्तान को सैन्य और तकनीकी सहयोग देकर चीन भारत के सामने एक अतिरिक्त चुनौती खड़ी करता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी पाकिस्तान को चीनी सहयोग मिलने की खबरों ने दोनों देशों की रणनीतिक नजदीकी को फिर चर्चा में ला दिया।

भारत ने इसके बावजूद चीन के साथ बातचीत के रास्ते बंद नहीं किए। दोनों देशों का ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलना और द्विपक्षीय संबंध सुधारने की कोशिश करना भारत की परिपक्व कूटनीति का परिचायक है। भारत चाहता है कि सीमा पर शांति रहे और व्यापारिक संबंध भी सामान्य बने रहें। लेकिन चीन को यह समझना होगा कि मित्रता का रास्ता विश्वास से होकर गुजरता है। सीमा पर तनाव बनाए रखते हुए आर्थिक सहयोग की अपेक्षा करना उचित नहीं है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियां भी भारत की सुरक्षा और समुद्री हितों के लिए गंभीर विषय हैं। अमेरिका की विदेश नीति को भी इसी दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका ने चीन को लेकर कभी सख्त रुख अपनाया तो कभी आर्थिक और कूटनीतिक जरूरतों के अनुसार उसे महत्व दिया। अमेरिकी राजनीति में चीन को लेकर एकराय नहीं दिखाई देती। भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी की बातें करने वाला अमेरिका चीन के साथ भी अपने हितों के अनुसार समझौते करने से पीछे नहीं हटता। यही उसकी कूटनीति की वास्तविकता है। हाल ही में अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के कई सुझाव दिए गए हैं। इनमें दवाओं के निर्माण में साझेदारी, भारत से लंबे समय तक दवाएं खरीदने की गारंटी, चीन की नौसेना की गतिविधियों से संबंधित खुफिया जानकारी साझा करना और दलाई लामा के उत्तराधिकारी के मुद्दे पर भारत के साथ सहयोग करना शामिल है।

भारत का संविधानः विश्व के महानतम लोकतंत्र का प्राण

हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत का संविधान विश्व के महानतम लोकतंत्र का प्राण, सांस्कृतिक चेतना और जीवन-मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह केवल राजकाज चलाने वाली धाराओं और अनुच्छेदों का संकलन नहीं, बल्कि उस दीर्घकालिक राष्ट्रीय स्वप्न का स्वरूप है। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के त्याग, लोकतांत्रिक आकांक्षाओं और भारतीय जीवन-दर्शन की गहराई समाहित है। वर्ष 1946 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में गठित संविधान सभा। 1947 में डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व वाली मसौदा समिति के अथक परिश्रम। गहन विमर्श और संतुलन की भावना से यह ग्रंथ 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन में तैयार हुआ। 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत इस संविधान पर 24 जनवरी 1950 को 284 सदस्यों जिनमें 15 महिलाएं भी थीं ने हस्ताक्षर किए। 26 जनवरी 1950 को यह पूरे देश में लागू



हुआ। मूल रूप से 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचियों और 22 भागों वाला यह विश्व का सबसे बड़ा लिखित, लोकतांत्रिक संविधान हैं। जो समय के साथ बदलती सामाजिक- आर्थिक आवश्यकताओं और संशोधनों के माध्यम से अधिक व्यापक तथा जीवंत बनता गया है।

संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' के उद्घोष के साथ यह स्पष्ट करती है कि संप्रभु शक्ति किसी सत्ता या वर्ग में नहीं, बल्कि सीधे जनता में निहित है। राष्ट्र को संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी तथा लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में स्थापित करती है। मौलिक अधिकार भाग-3 प्रत्येक नागरिक को गरिमा, स्वतंत्रता और समानता के बुनियादी अधिकार तथा न्यायिक संरक्षण प्रदान करते हैं। जबकि नीति निदेशक तत्व भाग-4 राज्य को सामाजिक- आर्थिक न्याय, जनकल्याण और समतामूलक समाज की दिशा में निरंतर मार्गदर्शित करते हैं। इन दोनों स्तंभों का समन्वय लोकतंत्र को केवल औपचारिक शासन- प्रणाली नहीं रहने देता, बल्कि उसे संवेदनशील और उत्तरदायी बनाता है।

संविधान की एक विशिष्ट पहचान इसकी सांस्कृतिक चेतना और पांडुलिपि की कलात्मक विरासत भी है। मूल हस्तलिखित प्रति में शांतिनिकेतन के महान चित्रकार नंदलाल बोस और उनके सहयोगियों द्वारा उकेरे गए चित्र इस दस्तावेज को एक अलौकिक सभ्यतागत आयाम देते हैं। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, नटराज, बुद्ध, महावीर, गुरु गोबिंद सिंह और गंगावतरण जैसे दृश्य करुणा, त्याग, शांति और नैतिक आदर्शों की झलक दिखाते हैं। तो शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, महाराजा विक्रमादित्य का दरबार और नालंदा विश्वविद्यालय की मुहर संघर्ष, स्वाभिमान और ज्ञान परंपरा को जीवंत करते हैं। यद्यपि ये चित्र संविधान के विधिक अनुच्छेदों का हिस्सा नहीं हैं। तथापि ये इसकी मूल पांडुलिपि के अभिन्न अंग बनकर संवैधानिक मूल्यों को भारतीय सांस्कृतिक अनुभव और सर्वधर्म समभाव से जोड़ते हैं।

आज जब लोकतंत्र विविध चुनौतियों और अपेक्षाओं के बीच आगे बढ़ रहा है। तब आवश्यकता इस बात की है कि हम संविधान को केवल कानूनी प्रावधानों या औपचारिक उत्सवों तक सीमित न रखें। संवैधानिक नैतिकता, परस्पर सम्मान, संवाद की संस्कृति और सामूहिक उत्तरदायित्व को अपने दैनिक आचरण में उतारना ही इसकी सच्ची सार्थकता है। यही हमारे गणराज्य की मजबूती और गौरव का स्थायी आधार है। सत्यमेव जयते!

राजसमंद में बहुमत के बावजूद प्रधान की कुर्सी पर फंसी कांग्रेस

उदयपुर (एजेंसी)। पंचायत चुनाव में बहुमत हासिल करना ही सत्ता की गारंटी नहीं है। राजसमंद जिले की देलवाड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस के सामने इसका अनोखा राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है। 15 वार्डों में से 9 पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली कांग्रेस प्रधान की कुर्सी पर अपना दावा मजबूत नहीं कर पा रही है।

इसकी वजह प्रधान पद का अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होना और कांग्रेस के जीते हुए प्रत्याशियों में एक भी एससी महिला का नहीं होना है। अब पार्टी की निगाहें आरएलपी की विजयी प्रत्याशी के समर्थन पर टिकी हैं।

देलवाड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस ने 9 वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को 5 और आरएलपी को एक सीट मिली। कांग्रेस की



ओर से प्रधान पद की प्रमुख दावेदार मानी जा रही वार्ड-6 की प्रत्याशी वंदना खटीक को भाजपा की रानी देवी खटीक ने 263 मतों से हरा दिया। रानी देवी को 1414 और वंदना को 1151 वोट मिले। दोनों ही एससी वर्ग से हैं। वंदना की हार के साथ कांग्रेस के पास प्रधान पद के लिए पात्र महिला सदस्य नहीं बची।

भाजपा और आरएलपी के पास एससी महिला सदस्य

देलवाड़ा में एससी महिला वर्ग से जीतने वाली दो प्रत्याशियों में भाजपा की रानी देवी खटीक और आरएलपी की कृष्णा शामिल हैं। रानी देवी वार्ड-6 से निर्वाचित हुई हैं, जबकि आरएलपी की कृष्णा वार्ड-9 से जीती हैं। कृष्णा नाथद्वारा तहसील की सालौर ग्राम पंचायत के धोली मंगरी, मोगाना गांव की निवासी हैं। ऐसे में प्रधान पद के चुनाव में आरएलपी की एकमात्र सदस्य की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

कांग्रेस को समर्थन का भरोसा, लेकिन समीकरण बाकी

राजसमंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह का कहना है कि देलवाड़ा में कांग्रेस को बहुमत मिला है, इसलिए बोर्ड भी कांग्रेस का ही बनेगा। उनका दावा है कि आरएलपी से जीतीं कृष्णा भी पहले कांग्रेस से जुड़ी रही हैं। चुनाव में अभी कुछ दिन बाकी हैं और आगे की स्थिति उसी दौरान स्पष्ट होगी।

श्रद्धालुओं की गाड़ी ट्रक से टकराई एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत

जयपुर (एजेंसी)। कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 2 बजे एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बच्चों समेत एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना रात करीब 2:00 बजे शंभूपुरा गांव के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार 'क्रूजर' गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

जान गंवाने वालों में उषा बाई, सुशीला, कैलाश, सान्वी, सज्जन, अनीता, बाबूलाल, जाह्नवी और माधवी शामिल हैं। घायल हुए 6 लोगों को एम्बुलेंस के जरिए न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

खाटू श्यामजी के दर्शन करके लौट रहे थे श्रद्धालु



गाड़ी में महाराष्ट्र के एक ही परिवार के 15 लोग सवार थे। ये सभी लोग राजस्थान से खाटू श्यामजी के दर्शन करके लौट रहे थे। शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, गाड़ी के ड्राइवर की लापरवाही के वजह से ये हादसा हुआ। बताया जा रहा है ड्राइविंग के वक्त उसे झपकी लग गई थी।

हादसे की खबर मिलते ही सिटी पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम मौके पर पहुंचीं। पुलिस और बचाव दलों ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ितों की देखभाल के लिए अस्पताल में एक मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। स्थिति का जायजा लेने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, जिनमें अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भी घटनास्थल और अस्पताल दोनों जगह पहुंचे।

जोधपुर में कार और ट्रैवल टेम्पो की टक्कर, 3 लोगों की मौत

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जोधपुर में शनिवार शाम एक कार और ट्रैवल टेम्पो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है और करीब 15 लोग घायल हैं।

सभी घायलों को मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग गुजरात लौट रहे थे।

जोधपुर हादसे में 3 लोगों की मौत

मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक, विकास राजपुरोहित ने बताया, 'यह गुजरात का एक ही परिवार है, जो शायद गुजरात से



रामदेवरा जा रहा था, तभी उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।' विकास राजपुरोहित ने हादसे के बारे में आगे जानकारी देते हुए कहा, 'हमें शाम करीब 7:00 बजे इस घटना की सूचना मिली और हमने सभी जरूरी इंतजाम किए। अब तक चार एम्बुलेंस के जरिए लगभग 14-15 लोग यहां पहुंच चुके हैं। इस समूह में 3 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं।'

इंस्टाग्राम के 5.21 लाख फॉलोअर्स भी नहीं दिला सके जीत, कांग्रेस की भगवती भील चुनाव हारीं

उदयपुर (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और युवाओं के बीच पहचान भी स्थानीय चुनाव में जीत की गारंटी नहीं बन सकी। प्रतापगढ़ जिला परिषद के वार्ड संख्या 11 में कांग्रेस प्रत्याशी और राजस्थान युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती भील को हार का सामना करना पड़ा।

इंस्टाग्राम पर उनके 5.21 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं, लेकिन चुनावी मैदान में बीएपी की प्रत्याशी गीता ने उन्हें 322 मतों से शिकस्त दे दी। इस नतीजे ने एक बार फिर सोशल मीडिया की लोकप्रियता और स्थानीय स्तर पर मतदाताओं के बीच राजनीतिक पकड़ के अंतर को चर्चा में ला दिया है।



वार्ड-11 में मुकाबला त्रिकोणीय रहा। बीएपी प्रत्याशी गीता को 8757 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की भगवती भील 8435 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहीं। भाजपा प्रत्याशी गीता निनामा को 5927 वोट मिले।

तीनों प्रत्याशियों को कुल 23119 मत प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी के मैदान में होने से मुकाबला दिलचस्प बना रहा, लेकिन अंततः बीएपी की गीता ने जीत दर्ज की।

2886 पोस्ट के बावजूद नहीं मिला चुनावी फायदा

भगवती भील सोशल मीडिया पर सक्रिय आदिवासी युवा चेहरों में गिनी जाती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 5.21 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे अब तक 2886 पोस्ट साझा कर चुकी हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी डिजिटल लोकप्रियता को कांग्रेस की ताकत के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि, परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होना और किसी खास निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का समर्थन हासिल करना दो अलग-अलग बातें हैं।

राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके के मामले में बड़ी कार्रवाई



जयपुर(एजेंसी)। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर तीन नवंबर को हुए बम धमाके के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपित 20 वर्षीय हरप्रीत को पंजाब के गुरदासपुर से गिरफ्तार किया है।शनिवार को हरप्रीत को लेकर पुलिस श्रीगंगानगर पहुंची और अनूपगढ़ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। हरप्रीत गुरदासपुर जेल में फायरिंग के मामले में बंद था। हरप्रीत ने पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर 24 अक्टूबर को अकाली कार्यकर्ता कैप्टन सिंह पर फायरिंग की थी। पुलिस के अनुसार, वह रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके के मामले में गिरफ्तार महकदीप कौर और देवेंद्र सिंह के संपर्क में था। उसके मोबाइल फोन में पाकिस्तान में हुई बातचीत के सबूत मिले हैं।

कोटा के सरकारी अस्पताल में बड़ी लापरवाही

35 दिनों में 7 प्रसूताओं की मौत, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में कोटा जिले के जेके लोन अस्पताल में प्रसूताओं की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार देर रात इलाज के दौरान एक और गर्भवती महिला की मौत हो गई। बता दें कि मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला अस्पताल से महिला को बेहद गंभीर हालत में कोटा रेफर किया गया था। यहां शुक्रवार रात 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही पिछले 35 दिनों में जेके लोन अस्पताल में 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें 7 प्रसूताएं शामिल हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष अब तक कोटा के सरकारी अस्पतालों में करीब 30 प्रसूताओं की मौत हुई है। हालांकि, प्रशासन के रिकॉर्ड में मात्र 13 प्रसूताओं के नाम दर्ज हैं। अधिकांश मौतें प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव, मल्टी-आर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम और समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण हुई हैं। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि दवाओं की गुणवत्ता, ऑपरेशन थिएटर, उपकरणों में संक्रमण और उपचार में लापरवाही सहित सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।



तेज रफ्तार कार ट्रांसफॉर्मर से टकराई धूं-धूं कर जलने लगी गाड़ी

अलवर (एजेंसी)। जो को राखे साइंया मार सके न कोय.... यह कहावत राजस्थान में साकार हो गई है। राजस्थान के अलवर में तेज रफ्तार कार सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर से टकरा गई। भीषण टक्कर के बाद ट्रांसफॉर्मर और कार में आग लग गई, लेकिन कार में सवार सभी छह लोग चमत्कारिक तरीके से बिना चोट के बच गए।

घटना गुरुवार सुबह खैरथल इलाके में हुई। स्वामी ध्यानगिरी मार्ग (किशनगढ़ रोड से जुड़ा) पर खाली सड़क के कोने पर लगे ट्रांसफॉर्मर बॉक्स से सफेद सेडान कार सिर के बल टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफॉर्मर तुरंत आग की लपटों और चिंगारियों के साथ फट गया।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, सेक्टर 06, नोएडा गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व 74ए आशीर्वाद एन्क्लेव, टीएचडीसीए देहराखास, देहरादून, उत्तराखंड. 248001 से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून होगा। RNI.No. UAHIN/26/A3885

स्टिम्युलस-2026 के तीसरे दिन मेडिकल एग्जिबिशन और फेट का आयोजन, फामाकोलॉजी विभाग रहा प्रथम



उत्तम भारत संवाददाता

मेरठ। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज में आयोजित स्टिम्युलस-2026 के तीसरे दिन मेडिकल एग्जिबिशन एवं फेट का आयोजन किया गया। मेडिकल एग्जिबिशन का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने किया। प्रदर्शनी में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, फामाकोलॉजी, पैथोलॉजी, मेडिसिन, सर्जरी सहित विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। इस दौरान जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, बाले राम बृज भूषण सरस्वती शिशु मंदिर और दीवान पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर चिकित्सा एवं जैविक विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद आईएमए अध्यक्ष डॉ. आलोक अग्रवाल ने फीता काटकर फेट का शुभारंभ किया। इसमें मेडिकल कॉलेज के 2026 बैच के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों और खानपान के स्टॉल लगाए। विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए वी सम्राट ने मैजिक शो भी प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी की निर्णायक मंडली में डॉ. अजीत चौधरी, डॉ. प्रेम प्रकाश और डॉ. यासमीन शामिल रहे। प्रतियोगिता में फामाकोलॉजी विभाग ने प्रथम, साइकियाट्री विभाग ने द्वितीय और मेडिसिन विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्जरी एवं फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रयासों की भी सराहना की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्यों एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नगीना धामपुर मार्ग पर टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

नगीना। सड़क पार कर रही एक महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी। बीती रात नगीना धामपुर मार्ग स्थित टोल प्लाजा के पास एक महिला सड़क पार कर रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला सड़क पर गिर गई। और वाहन ने उसे बुरी तरह कुचल दिया। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को सड़क से हटवा कर टोल प्लाजा की एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी।

पूर्व सैनिक के परिवार को मिला एक करोड़ रुपये का बीमा भुगतान, 18 दिन में निस्तारित हुआ दावा



उत्तम भारत संवाददाता

मेरठ। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय (रइ) मेरठ और कठकठक बैंक के संयुक्त प्रयासों से दिवंगत हवलदार देवेन्द्र (194 मीडियम रेजिमेंट) के परिवार को एक करोड़ रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया। हवलदार देवेन्द्र का निधन 8 मई 2026 को हुआ था।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और बैंक के समन्वय से बीमा दावे का निस्तारण महज 18 दिनों में कर दिया गया। 26 मई 2026 को नामित लाभार्थी को पूरी बीमा राशि का भुगतान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने लाभार्थी को एक करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया।

यह पहल पूर्व सैनिकों और उनके आश्रित परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं ICICI बैंक के बेहतर समन्वय और संवेदनशीलता का उदाहरण है।

छह साल पुराने मारपीट मामले में कोर्ट के सख्त रुख के बाद रिपोर्ट दर्ज, विवेचना शुरू

उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। छह वर्ष पूर्व मारपीट के मामले में एनसीआर की विवेचना नहीं होने पर पीड़ित ने अदालत की ओर रुख किया। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए छह वर्ष पूर्व के इस मामले में विवेचना के निर्देश दिए, जिसके बाद पुलिस ने छह साल बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

न्यायिक दस्तावेजों व तहरीर के अनुसार, यह मामला थाना कोतवाली नहटौर क्षेत्र के ग्राम फुलसन्दा खाकम निवासी शौकत अली से जुड़ा है। आरोप है कि 25 दिसंबर 2020 को सुबह करीब 10:30 बजे जब वह कमेटी द्वारा खरीदी गई भूमि देखने गए थे, तभी गजेंद्रपाल (पुत्र मुबारक सिंह), उनके पुत्र पुनीत व सुमित तथा पत्नी विनोद बाला मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जमीन पर गिराया और लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग पहुंचे और आरोपियों ने शिकायत या कार्रवाई करने पर अंजाम भुगतने, जान से मारने व झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी।

पीड़ित के मुताबिक, मारपीट में उनके शरीर व मुंह पर चोटें आईं, जिसके बाद डॉक्टरी परीक्षण, जिला अस्पताल बिजनौर से रेफर और एक्सरे की कार्रवाई हुई। पुलिस ने मामले में एनसीआर संख्या 125/2020 (धारा 323, 504 भादवि) दर्ज की थी, लेकिन पीड़ित का कहना था कि आगे कोई विवेचना नहीं की गई और गवाही का नोटिस भी नहीं मिला।

इसके बाद प्रार्थी शौकत अली ने धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। थाने से प्राप्त आख्या, एनसीआर की प्रति और संलग्न अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कोर्ट नंबर-1), बिजनौर (नरेन्द्र कुमार-श) ने दिनांक 02 नवंबर 2026 को आदेश पारित कर थानाध्यक्ष नहटौर को एनसीआर संख्या 125/2020 में नियमानुसार विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सपाइयों ने मनाई मुलायम सिंह यादव की जयंती, चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



उत्तम भारत संवाददाता

चांदपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती चांदपुर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सपा जिला उपाध्यक्ष मोहसिन अंसारी के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके राजनीतिक जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिला उपाध्यक्ष मोहसिन अंसारी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का पूरा जीवन संघर्ष, सादगी और समाजसेवा का प्रतीक रहा है। उन्होंने हमेशा किसानों, गरीबों, मजदूरों और समाज के पिछड़े एवं कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। नेताजी ने जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का काम किया और उन्हें राजनीति में अपनी पहचान बनाने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव के विचार और सिद्धांत आज भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नेताजी के राजनीतिक जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को याद किया। सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज के हर वर्ग के हितों के लिए काम करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मोहसिन अंसारी, शकील पहलवान, सुहेल हसन, नाजिम खान, शेख शमीम, मोमिन खान, बहार आलम, गनी अंसारी, शाहिद अंसारी और समीर अहमद सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका में जनगणना कार्य तेज

मोहल्ला कोटरा और कायस्थान में घर-घर जाकर जुटाए जा रहे हैं आंकड़े



उत्तम भारत संवाददाता

शेरकोट। नगर पालिका परिषद शेरकोट द्वारा नगर क्षेत्र में जनगणना (सर्वेक्षण) का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पालिका प्रशासन की ओर से नियुक्त किए गए प्रगणक अनुज कुमार और शिवम कुमार पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने आवंटित क्षेत्रों में कार्य को अंजाम दे रहे हैं। दोनों प्रगणकों द्वारा मुख्य रूप से मोहल्ला कोटरा और मोहल्ला कायस्थान में घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों का विवरण और अन्य आवश्यक आंकड़े दर्ज किए जा रहे हैं। पालिका कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के कार्य में लगे कर्मचारियों को सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि नगर के विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक आसानी से पहुंच सके। स्थानीय निवासियों द्वारा भी इस सर्वेक्षण कार्य में प्रगणकों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

फीना में 620 लाभार्थियों को वितरित किए निःशुल्क चश्मे, आभा फाउंडेशन की पहल की सराहना

15 नवंबर को आयोजित 12वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 1260 लोगों की हुई थी आंखों की जांच, 180 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित



चांदपुर। आभा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेवा अभियान के तहत रविवार को फीना में निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 15 नवंबर को आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में चश्मे के लिए चिह्नित किए गए सभी 620 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। गौरतलब है कि आभा फाउंडेशन की ओर से 15 नवंबर को फीना स्थित हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 12वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। चिकित्सकों की टीम ने करीब 1260 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया था।

जांच के दौरान 180 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया था, जबकि 620 लोगों की आंखों में दृष्टि संबंधी परेशानी पाए जाने पर उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी गई थी। इसके अतिरिक्त करीब 800 लोगों को आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थीं। इसी क्रम में 22 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में चिह्नित सभी 620 लोगों को उनके चश्मे सौंपे गए। चश्मे पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। लोगों ने आभा फाउंडेशन की इस पहल को जरूरतमंदों के लिए सराहनीय कदम बताते हुए संस्था का आभार जताया। आभा फाउंडेशन के इस अभियान से क्षेत्र के लोगों को आंखों की जांच, दवाइयों और चश्मों जैसी जरूरी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हो रही हैं। संस्था की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

अवैध सूदखोरों का शिकंजा: 5 से 10% मासिक ब्याज से बिगड़ा हिसाब, कार्रवाई सुस्त

नजीबाबाद। सूदखोरी का अवैध धंधा अब माफिया तंत्र का रूप लेकर लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। कर्ज के दबाव और उत्पीड़न से तंग आकर खुदकुशी की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन पुलिस अक्सर उकसाने का मामला दर्ज कर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल देती है। छोटे दुकानदार, सब्जी-फल विक्रेता और कम जोत वाले किसान शादी या खेती की मजबूरी में 5 से 10 प्रतिशत मासिक दर पर कर्ज लेते हैं। पहला कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेने के चक्कर में उनकी दुकान व जमीन पर कब्जे तक की नौबत आ जाती है। समय पर ब्याज न देने पर चक्रवृद्धि ब्याज जुड़ने से रकम मूलधन से कई गुना अधिक हो जाती है, फिर भी अवैध सूदखोरी पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को युवाओं ने भरे फार्म

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत भिक्कावाला में चला अभियान, बीएलओ ने मतदान के प्रति किया जागरूक



उत्तम भारत संवाददाता

शेरकोट। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत रविवार को प्राथमिक विद्यालय भिक्कावाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया गया। विधानसभा क्षेत्र 20 धामपुर के बूथ संख्या 20 पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता बनाने के लिए प्रपत्र-6 भरवाए गए। इसके अलावा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रपत्र-7 तथा नाम और विवरण में संशोधन के लिए प्रपत्र-8 भरवाए गए।

बीएलओ अशोक कुमार ने युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अधिकार है। प्रत्येक पात्र युवा को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराकर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

अभियान के दौरान अमन शर्मा, पुनीत कुमार, निखिल सिसोदिया और हर्षवर्धन सहित अन्य युवाओं ने भी अपने फार्म जमा किए।

मखदूमपुर गंगा स्नान मेले में सुरक्षा व्यवस्था का डीएम एसएसपी ने लिया जायजा

मेरठ। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हस्तिनापुर क्षेत्र के मखदूमपुर गंगा घाट पर आयोजित गंगा स्नान मेले का जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचकर कैमरों के जरिए हो रही निगरानी व्यवस्था परखी। साथ ही श्रद्धालुओं के डेरों पर पहुंचकर उनसे संवाद किया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा नाव से गंगा घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को लगातार निगरानी रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेले को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

एक साथ तीन बच्चियों की मौत के बाद नगर में पसरा मातम

चुनावी दावेदारों में एक भी दावेदार पीड़ित परिवार के दरवाजे पर दुख बांटने नहीं पहुंचा

उत्तम भारत संवाददाता

बढ़ापुर। कसौंदी की फली खाने से तीन बच्चियों की एक के बाद एक मौत से पूरा कस्बा गम में डूबा था। तीनों बच्ची एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों की तीन बेटी थी जिनकी तीन दिन में मौत हो गई। तीनो की मौत से घरों में चीख-पुकार मची रही और तीन परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कस्बे में चुनावी दावेदारों की गिनती भले ही दर्जनों में हो, लेकिन हैरानी की बात है कि समाचार लिखे जाने तक एक भी दावेदार पीड़ित परिवार के दरवाजे पर दुख बांटने नहीं पहुंचा।

जिन चेहरों को जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का कोई मौका नहीं छोड़ते देखा जाता है, वे इस बड़े दुख के समय नदारद रहे। तीन दिन तक मौतों का सिलसिला परिवार को तोड़ता रहा, लेकिन कई दावेदारों के सोशल मीडिया अकाउंट पर चुनावी कार्यक्रम, रैलियां और प्रचार की तस्वीरें लगातार दिखाई देती रहीं।

जिनमें सबसे ज्यादा उम्मीद लोगो को तान्या नागपाल से थी। जो कि हर समय जनता के साथ हर सुख दुख में साथ खड़े रहने का वादा करती दिखाई दे रही थी। परन्तु जबसे बहुजन समाज पार्टी ने उनको अपना उम्मीदवार घोषित किया है। तबसे शायद उन्हें जनता से दूरी पसंद आ गई है।

जिस कारण वह जनता के बीच दिखाई नही दे रही हैं। कस्बे में इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी तान्या नागपाल पीड़ित परिवार के घर तक नही पहुच पाई। तान्या नागपाल ही क्या विधानसभा चुनाव के लिये दावेदार की लाइन में लगे सलमान, पंकज, मदनलाल सैनी, राधा सैनी, लाखन पाल सिंह, हाजी अहसान, फुरकान, जावेद अख्तर, आदि उम्मीदवार ने पीड़ित परिवार का दुख साझा करना भी गंवारा नही किया। जिस कारण ऐसा लगा मानो कस्बे में सब कुछ सामान्य हो और एक परिवार की दुनिया उजड़ने की खबर उनके जनसंपर्क तक पहुंची ही न हो। सवाल उठता है कि रैलियों में पहुंचने, तस्वीरें खिंचवाने और सोशल मीडिया पर रीलें डालने का समय तो मिल गया, लेकिन तीन मासूमों को खो चुके परिवार के पास बैठने के लिए चंद मिनट भी नहीं निकले। ताज्जुब तो यह है कि चौराहों पर और मस्जिदों के बाहर उपहार बांटकर लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाले चेहरे भी दुख की इस घड़ी में परिवार के बीच नजर नहीं आए।

आखिर उपहार बांटकर तस्वीरें खिंचवाना ही जनसेवा है या किसी के घर मातम हो तो उसके दरवाजे तक पहुंचना भी जिम्मेदारी है? इस कठिन समय में पड़ोसी और स्थानीय लोग परिवार के साथ खड़े रहे, लेकिन चुनावी दावेदारी करने वाले चेहरों की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। तीन मासूमों की मौत पर परिवार को किसी चुनावी भाषण, प्रचार या दिखावे की जरूरत नहीं थी।

जरूरत थी तो बस किसी के कंधे पर हाथ रखने और दुख में साथ खड़े होने की। लेकिन इस घटना ने सोशल मीडिया के जनसंपर्क और जमीन पर दिखाई देने वाली संवेदनशीलता के बीच का फर्क जरूर सामने ला दिया। अब सवाल यही है कि जनता के सुख-दुख में साथ खड़े होने का दावा करने वाले दावेदार आखिर इस परिवार के दुख में कहां थे?

नगीना देहात पुलिस ने बैटरी चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार, 14 बैटरियां और ई-रिक्शा बरामद



उत्तम भारत संवाददाता

बिजनौर। जनपद बिजनौर के थाना नगीना देहात थाना पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 12 बड़ी बैटरियां, दो छोटी बैटरियां और वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है।

एस पी ग्रामीण गौतम राय के बताया कि, 21 नवंबर 2026 को वादी सचिन विश्नोई की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ गांव माहेलका विश्नोई सराय में चार बसों से आठ बैटरियां चोरी करने तथा गांव कोटकादर में सोनू कुमार और रिंकू के ट्रैक्टरों से एक-एक बैटरी चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा गांव चंदनवाला में एक अन्य ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की घटना भी सामने आई थी।

मामले की विवेचना के दौरान 22 नवंबर को नगीना देहात पुलिस ने दिलशाद पुत्र इकरार निवासी गांव कोटकादर, थाना नगीना देहात को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने नगीना देहात क्षेत्र से 12 बड़ी बैटरियां तथा बढ़ापुर थाना क्षेत्र से दो छोटी बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई बैटरियां और घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा बरामद कर लिया।

म.प्र.गुजरात और राजस्थान से आईं महिला विस्तारक विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर संगठन को देंगी मजबूती

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा जन-जन तक पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश, गुजरात एवं राजस्थान से वरिष्ठ, अनुभवी और कर्मठ महिला पदाधिकारियों को विस्तारक के रूप में अलीगढ़ भेजा गया है।

भाजपा संगठन द्वारा भेजी गईं महिला विस्तारकों में रमिलाबेन, श्रुति जैन, स्नेहा जी एवं प्रियंका त्यागी शामिल हैं। ये सभी महिला विस्तारक अलीगढ़ जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगी तथा पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगी। महिला विस्तारकों के आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला टीम ने आगरा पहुंचकर उनका गर्मजोशी एवं उत्साह के साथ स्वागत किया।

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने सभी विस्तारकों को भाजपा का पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा अलीगढ़ आगमन पर हार्दिक अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता माहेश्वरी ने कहा कि अन्य प्रदेशों से अनुभवी एवं समर्पित महिला कार्यकर्ताओं का अलीगढ़ आगमन संगठन के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। महानगर महामंत्री अनीता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान,सुरक्षा,स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता माहेश्वरी ने कहा कि अन्य प्रदेशों से अनुभवी एवं समर्पित महिला कार्यकर्ताओं का अलीगढ़ आगमन संगठन के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है।उनके अनुभव, संगठनात्मक कार्यशैली एवं मार्गदर्शन से जिले में भाजपा को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति हैं और मातृशक्ति संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

भाजपा महिला मोर्चा महानगर महामंत्री अनीता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान,सुरक्षा,स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। भाजपा की महिला कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ महिलाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

अन्य प्रदेशों से आई महिला विस्तारकों के प्रवास से संगठनात्मक समन्वय बढ़ेगा और बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता को और अधिक बल मिलेगा।उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संगठन हैं।महिला विस्तारकों के अनुभव और स्थानीय कार्यकताओं के सहयोग से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाएगा।

महिला विस्तारक अपने प्रवास के दौरान स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से संवाद स्थापित करेंगी, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगी तथा अधिक से अधिक महिलाओं को भाजपा से जोड़ने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगी। इस कार्यक्रम में यहां पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता माहेश्वरी, महानगर महामंत्री अनीता सिंह ,जिला उपाध्यक्ष रति लवानिया, जिला मंत्री बबली अग्रवाल एवं जिला मंत्री मंजू शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष ने किया कमाल एग्रो बना मुर्गी फार्म का उद्घाटन



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। कमाल एग्रो बना मुर्गी फार्म संचालकों के लिए संपूर्ण समाधान केंद्र कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष नावेद खान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुर्गी पालन व्यवसाय से जुड़े लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए। कमाल एग्रो द्वारा पोल्ट्री फार्म से संबंधित विभिन्न उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्थान के संचालक शमशाद कमाल (एम.डी. कमाल एग्जीक्यूटिव) हैं। संस्थान के बोर्ड के अनुसार, कमाल एग्रो वर्ष 2016 से कार्य कर रहा है। यहां पोल्ट्री फीड, चूजे, मुर्गियों की दवाइयां, पोल्ट्री उपकरण, तैयार मुर्गियां और अंडों की खरीद-बिक्री एवं आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा ऑटोमेटिक जम्बो ड्रिंकर, बेल गन ड्रिंकर, निप्पल ड्रिंकर, गैस ब्लडर, इलेक्ट्रिक ब्लडर, डीजल ब्लडर, टेम्परेचर मीटर सहित मुर्गी पालन में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरण भी उपलब्ध है।

इस संस्थान का उद्देश्य मुर्गी फार्म संचालकों को एक ही स्थान पर आवश्यक सामान उपलब्ध कराना भी है कमाल एग्रो का चिलकोरा तिराहा, नियर मून लाइट इंटर कॉलेज क्वार्सी धौर्रा बाईपास रोड, अलीगढ़। कमल ग्रुप के ओनर समशाद कमाल परवेज खान मुख्य अतिथि कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नावेद खान तथा नौशाद मिर्जा जीशान,अदीव अनश मुहम्मद नेईम आमिर मुन्तजिर उर्फी नादिर खान,और हाफिज साहब मौजूद रहे।

16 जनवरी तक लाइसेंसी हथियारों के प्रदर्शन पर जिलाधिकारी ने लगाई रोक

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। त्योहारों, धार्मिक आयोजनों व प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 16 जनवरी 2027 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है। डीएम अविनाश कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत शादी समारोहों में लाइसेंसी हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

डीएम ने आदेश जारी कर कहा है कि अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्टर-बैनर लगाने व सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों पर भी रोक रहेगी। 24 नवंबर को गुरु नानक जयंती व कार्तिक पूर्णिमा, 16 दिसंबर को गरीब नवाज का उर्स, 23 दिसंबर को चौधरी चरण



सिंह जयंती, 25 दिसंबर को क्रिसमस, एक जनवरी को नववर्ष व 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

आदेश के अनुसार मैरिज होम और बैंक्वेट हाल संचालक शादी में लाइसेंसी हथियारों के इस्तेमाल पर रोक सुनिश्चित करेंगे। उल्लंघन होने पर पुलिस को सूचना देनी होगी। सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से भ्रामक खबरें फैलाने, धार्मिक भावनाएं भड़काने, आपत्तिजनक नारे लगाने और पुतला दहन जैसी गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा।

डीएम ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और भवनों की छतों पर ईंट-पत्थर, कांच की बोतलें व ज्वलनशील पदार्थ जमा नहीं किए जा सकेंगे। परीक्षा केंद्रों पर हथियार और विस्फोटक सामग्री ले जाने पर रोक रहेगी। रेलवे स्टेशन, शमशाद मार्केट, जमालपुर और मालगोदाम क्षेत्र में रात के समय पांच या अधिक लोगों के अनावश्यक जमावड़े पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह की 87 वीं जयंती मनाई

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। रविवार को 75 कोल विधानसभा क्षेत्र के मदर टेरेसा मिशनरी ऑफ चैरिटी जमालपुर में ख्वाजा हसन जिब्रान पुत्र ख्वाजा हलीम पूर्व कैबिनेट मंत्री ने नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से फल एवं अवश्य वस्तु ओ का वितरण कर मनाई एवं नेता जी के विचारों से अवगत कराया इस दौरान ख्वाजा हसन जिब्रान ने बहा की बुनियादी जरूरतों को लेकर वार्ता की एव स्वयं के स्थिर से पूरी करने एवं सरकार आने पर शेष सभी बड़ी से बड़ी आवश्यकताओं को कराने का आश्वासन दिया तथा वहां मनोरोगियों दिव्यांगों अनाथों के स्वास्थ्य को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी वार्ता की।

इस दौरान शहजाद अल्वी जिला अध्यक्ष, अफजल हमीद पूर्व



पार्षद, एम ए खान गांधी प्रदेश प्रवक्ता,,इनामुल हक प्रदेश सचिव, जीनस खान पार्षद, शमशुल रहमान, सैफुर रहमान, बबलू अब्बासी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर समाजवादी पार्टी अलीगढ़ महानगर की ओर से क्वार्सी स्थित पार्टी कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 37 कार्यकताओं ने रक्तदान किया। महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी ने कहा कि नेताजी का पूरा जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा।

इन्होंने किया रक्तदानरू अब्दुल हमीद घोसी, मनोज यादव, राकेश यादव, ललित कांत, सुमन लता शर्मा, मोहम्मद शानू, सलाउद्दीन, वसीम, कुंवर बहादुर बघेल, वीरेंद्र सिंह लोधी, सलामुद्दीन अब्बासी, पवन तोमर, धीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, पंकज शर्मा, लोकेश शर्मा, फैजान, तुषार कौशिक, कशिश यादव, सौरभ वाल्मीकि, शिवम कुमार, सुमित उपाध्याय, आचार्य पूरणमल प्रजापति, रईस गाजी, मोहम्मद अरशद, चौधरी रणजीत सिंह, विनीत यादव, शादाब जैदी, आमिर आबिद इलू, राजा सैनी, ओमपाल सिंह सूर्यवंशी, जीशान अल्वी, राजेश यादव, अनिल कुमार डब्बू और तरुण वाल्मीकि।

देव दीपावली का आयोजन 24 नवंबर को

अलीगढ़। देव दीपावली के आयोजन को लेकर मंगलवार 24 नवंबर को प्राचीन सिद्व पीठ श्री गणेश मंदिर अचलेश्वर अलीगढ़ पर बडी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। यह जानकारी मंदिर के महंत विनय नाथ महाराज ने एक पत्रकार वार्ता में दी, उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दीपको से भव्य दीपदान और महाआरती का आयोजन किया जायेगा। मीडिया प्रभारी ललित वार्ष्णेय ने बताया कि देव दीपावली के दि नही मंदिर के महंत विनय नाथ का जन्म्दिन भी मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर पर भव्य आतिशबाजी भी जायेगी। इस दौरान शाम 6:45 बजे दीपदान और शाम 7ः बजे महाआरती होगी। साथ ही सभी भक्तों से अपील की है कि जो भी भक्त दीपदान करना चाहते हैं, वें मिटटी के दीपक, रूई और तेल आकद सामिग्री 23 नवंबर तक पहुंचा दें। इस दौरान प्रेसवार्ता में उमेश वार्ष्णेय, रवि वर्मा आदि मौजूद थे।

नहीं सुधर रहे हालात दिन में जल रही हैं, स्ट्रीट लाइटे

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ के कई मोहल्लों की गलियों में दिनभर स्ट्रीट लाइटे जल रही है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की आंखें नींद से नहीं खुल रही हैं, जबकि लगातार समाचार पत्रों में दिन में स्ट्रीट लाइटे जलने की खबरें छप रही हैं और मोहल्ले के लोग पार्षद को अवगत करा रहे हें, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है।

वार्ड नं0 82- सुदामापुरी की गली नं0 4 में काफी दिनों से दिन में स्ट्रीट लाइट जल रही हैं, मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दिन में स्ट्रीट लाइट जलने के बारे पार्षद हरीश सैनी को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। ये ही हाल वार्ड नं0 8- सराय हकीम में हेमंत कचौड़ी



वाली गली का मामला, स्थानीय लोगों ने नगर निगम से लाइट बंद कराने की मांग की।

शुएब अंसारी सराय हकीम (सराय लवरिया) स्थानीय लोगों ने कहा कि दिन में लाइट जलने से बिजली बर्बाद हो रही है। उन्होंने नगर निगम से इसे बंद कराने की मांग की है। लोगों ने यह भी पूछा कि स्ट्रीट लाइटों की नियमित निगरानी होती है या नहीं और इस मामले की जिम्मेदारी किसकी है।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती रविवार को जिला कार्यालय पर मनाई गई। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके राजनीतिक जीवन, संघर्ष और समाजवादी विचारधारा को याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपना पूरा राजनीतिक जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनकी नीतियों और विचारों में सामाजिक न्याय तथा समानता को विशेष स्थान प्राप्त था।

रविवार को पूर्व पार्षद पवन शर्मा का निधन

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व पार्षद और हार्डवेयर कारोबारी पवन शर्मा का रविवार सुबह करीब 7: 30 बजे निधन हो गया। गोपाल पुरी स्थित उनके घर पर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं और व्यापारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। पवन शर्मा 2006 में पार्षद चुने गए थे। पार्षद रहते हुए उन्होंने इलाके की समस्याएं और आम लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए। 2008 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का महानगर अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को पार्टी से जोड़ने और संगठन के काम में भूमिका निभाई। पार्टी ने 2011 में उन्हें क्षेत्रीय संयोजक और 2012 में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। वे मौजूदा समय में मडराक मंडल प्रभारी थे।



राजनीति के साथ पवन शर्मा गोपालपुरी में हार्डवेयर का कारोबार करते थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। वे तीन भाइयों में से एक थे। उनके भाई राजकुमार शर्मा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद हैं। तीसरे भाई दिनेश शर्मा का पहले ही निधन हो चुका है। पवन शर्मा की अंतिम यात्रा रविवार दोपहर गोपाल पुरी स्थित उनके घर से निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार महेंद्र नगर मशान घाट पर किया जाएगा।

धूमधाम से मनाई जायेगी महाराजाधिराज पं0 कामेश्वर सिंह बहादुर 119 वीं जयंती



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। महाराजाधिराज सर पं0 कामेश्वर सिंह बहादुर 119 वीं जयंती 29 नवंबर को रामलीला ग्राउण्ड में धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। यह जानकारी रविवार को रामघाट रोड स्थित एसएमबी इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र शर्मा भैथ्याजी ने दी। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में रविवार को प्रातः बजे से प्रारंभ होगा। 11:35 बजे दाप प्रजव्वलन, स्वागत गान 11:40 बजे, अतिथि सम्मान 12:00 बजे, उद्वबोधन 12:15 बजे प्रतिभा सम्मान 12:35 और प्रसादी भोज होगा। प्रेसवार्ता के दौरान नारायण दत्त शर्मा, राजकुमार शर्मा राजू पं0, मनोज शैली, विमल पाठक, विजय प्रकाश वत्स, सुभाष चन्द्र शर्मा, पार्षद, डा. वीरेन्द्र शर्मा बंटी, प्रदीप शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, महेश चन्द्र मिश्रा, और राम प्रकाश आदि मौजूद थे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश बना एथेनॉल का केंद्र, गन्ना बेल्ट की मिलों से निकल रहा ग्रीन फ्यूल

सहारनपुर, एजेंसी।

कभी चीनी उत्पादन के लिए पहचाना जाने वाला पश्चिमी उत्तर प्रदेश अब एथेनॉल बनाने वाले बड़े केन्द्र के तौर पर अपनी धाक जमा रहा है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ और बिजनौर की गन्ना बेल्ट अब देश के ग्रीन फ्यूल की नई राजधानी बनती जा रही है।

केंद्र सरकार की एथेनॉल ब्लेंडिंग नीति और योगी सरकार की चीनी मिलों को एथेनॉल से जोड़ने की पहल ने इस पूरे इलाके की तस्वीर बदल दी है। अब यहां की मिलें सिर्फ चीनी ही नहीं बना रहीं, बल्कि गन्ने के रस, शीरे, मक्का और टूटे चावल से एथेनॉल बनाकर पेट्रोल में मिलाने के लिए देशभर के डिपो को सप्लाई कर रही हैं। इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल शामली की ऊन चीनी मिल है। यहां 300 केएल क्षमता का डिस्टलरी प्लांट शुरू हुआ है, जिसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एथेनॉल प्लांट माना जा रहा है। इस प्लांट से बना एथेनॉल पानीपत, मेरठ और मथुरा भेजा जा रहा है। ऊन चीनी मिल का यह प्लांट तीन साल में बनकर तैयार हुआ है और मई माह से यहां मक्का और चावल से एथेनॉल तैयार किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी ने भी इसकी पुष्टि की है कि यह प्लांट पश्चिमी यूपी में सबसे बड़ा है।

पश्चिमी यूपी की गन्ना बेल्ट में शामली जिले में शामली, ऊन, थानाभवन, मुजफ्फरनगर जिले में तितावी, मंसूरपुर, खतौली, भैंसाना, रोहाना, मोरना, खाईखेड़ी, टिकौला और बागपत जिले में रमाला, बागपत, मलकपुर तथा सहारनपुर जिले में शाकुंभरी, सरसावा, ननौता, देवबंद, गांगनौली, गागलहेड़ी, शेरमऊ जैसी चीनी मिलें हैं। इनमें से कई मिलों के पास अब अपनी डिस्टलरी है। मुजफ्फरनगर जिले की मंसूरपुर, खतौली समेत तीन डिस्टलरी प्लांट हैं, जिनमें दो चालू हैं। थानाभवन चीनी मिल का डिस्टलरी प्लांट सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी में है। यह बदलाव ऐसे ही नहीं आया। पहले मिलें चीनी के दाम पर निर्भर थीं। चीनी ज्यादा बनती तो दाम गिरते, मिलें घाटे में जातीं और किसानों का भुगतान अटक जाता था। एथेनॉल ने इस कुचक्र को तोड़ा है। अब मिलें गन्ने के रस को सीधे एथेनॉल में बदल सकती हैं। इससे चीनी का उत्पादन नियंत्रित रहता है, मिलों को नकद पैसा मिलता है और किसानों को समय पर गन्ना भुगतान होता है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज देश में एथेनॉल का शीर्ष उत्पादक है। यहां एथेनॉल उत्पादन करने वाली 53 डिस्टलरी हैं और वार्षिक स्थापित क्षमता 158.44 करोड़ लीटर है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में यूपी ने 42.70 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन किया था, जो 2020-21 में बढ़कर 99.31 करोड़ लीटर हो गया।

अलीगढ़ में मैक्सो केयर क्लीनिक का भव्य शुभारंभ, दांतों एवं फेशियल एस्थेटिक से जुड़ी समस्याओं का मिलेगा बेहतर उपचार



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। शहर के अब्दुल्ला रोड स्थित जीएसटी कार्यालय के सामने रविवार को मैक्सो केयर क्लीनिक का भव्य शुभारंभ किया गया। क्लीनिक का उद्घाटन डॉक्टर भूमिका चौधरी एवं डॉक्टर इफ्फत खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शुभारंभ समारोह में आसपास के क्षेत्र के अनेक गणमान्य एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने पहुंचकर क्लीनिक संचालकों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि आज के समय में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शहर के प्रमुख स्थान पर मैक्सो केयर क्लीनिक की शुरूआत होना क्षेत्रवासियों के लिए एक अच्छी पहल है। इससे लोगों को दांतों एवं चेहरे की सुंदरता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के उपचार के लिए एक बेहतर विकल्प उपलब्ध हो सकेगा। क्लीनिक प्रबंधन की ओर से बताया गया कि मैक्सो केयर क्लीनिक में दांतों से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं समस्याओं के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही फेशियल एस्थेटिक तथा जबड़ों से संबंधित समस्याओं के लिए भी उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की व्यवस्था रहेगी। क्लीनिक का उद्देश्य मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा, उचित मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है।

शुभारंभ समारोह में मौजूद लोगों ने डॉक्टर भूमिका चौधरी एवं डॉक्टर इफ्फत खान को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि मैक्सो केयर क्लीनिक क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान आपसी परिचय और शुभकामनाओं का दौर भी चलता रहा।

स्कूल जाने वाली एवं शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राईसाइकिल

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा स्कूल जाने वाली एवं शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राईसाइकिल दिये जाने का प्राविधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य ऐसी स्कूल जाने वाली एवं शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्रायें जो दैनिक कक्षाओं, लाइब्रेरी, लैब, हॉस्टल में सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त नहीं कर पाती हैं, उनको ई-ट्राईसाइकिल प्रदान कर उनका शैक्षिक पुनर्वासन करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 16 वर्ष या 16 वर्ष से अधिक की दिव्यांग छात्राऐं जो उत्तर प्रदेश की निवासी हों पात्रता की श्रेणी में आती हैं।

उन्होंने बताया कि नियमावली के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से हो जो मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेबल पाल्सी, हीमोफिलिया आदि से ग्रसित हो या व्यक्ति उपर्युक्त की भांति शारीरिक स्थिति में हो, उसकी दृष्टि अच्छी हो, मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के ऊपर का हिस्सा (भाग) स्वस्थ्य हो, संबंधित दिव्यांग छात्रा ई-ट्राइसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण का संचालन करने में सक्षम हो व संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उनकी दिव्यांगता प्रमाणित की गयी हो, को जनपद में प्राप्त आवेदनों की सूची से दिव्यांगता के घटते हुए क्रम में लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन या उसका परिवार आयकरदाता न हो किन्तु शर्त यह है कि सर्वप्रथम लक्ष्य के सापेक्ष गरीबी रेखा से नीचे के लाभार्थियों को संतृप्त किया जायेगा। उनके पश्चात यदि लक्ष्य अवशेष रहता है तो दिव्यांगता के घटते हुए क्रम में व आय के बढ़ते हुए क्रम में लाभान्वित किया जायेगा।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए जरूरी निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता



मेरठ। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दूसरे दिन जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने रविवार को विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर 21 एवं 22 नवंबर को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किए गए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल बागपत रोड, डीएन डिग्री कॉलेज और उच्च प्राथमिक विद्यालय पूर्वा अहिरान नगर क्षेत्र खंड-2 सहित विभिन्न केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची में नाम एवं अन्य विवरणों में संशोधन तथा प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं और प्राप्त आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे आलेख्य मतदाता सूची में अपना और परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। नाम दर्ज नहीं होने या किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर संबंधित बीएलओ के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र भरकर आवेदन करें। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट पंकज दीक्षित, बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे।

रामलीला ग्राउंड के तिराहे पर युवकों पर चाकू-डंडों से हमला, मारपीट की तहरीर दी



उत्तम भारत संवाददाता

नगीना। नगीना के मोहल्ला कायस्थ सराय निवासी तीन युवकों ने मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना नगीना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, अभिषेक पुत्र दिनेश, शिव पुत्र नीलू और पारस पुत्र दिनेश का आरोप है कि मोहल्ला बिश्नोई सराय निवासी छोटे, मुनेश, सोनू पुत्रगण तुलाराम तथा तुलाराम उनसे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि 21 नवंबर 2026 को एक शादी समारोह से लौटते समय किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी।

पीड़ितों का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 22 नवंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे रामलीला ग्राउंड के तिराहे पर आरोपियों ने एकराय होकर उन्हें घेर लिया और चाकू, डंडे तथा लोहे के पंच आदि से हमला कर दिया। हमले में तीनों युवकों के गंभीर चोटें आने का आरोप लगाया गया है।

पीड़ितों ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

व्यापारियों का खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर कल, निशुल्क मिलेगा प्रमाण पत्र

ठाकुरद्वारा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से सोमवार 23 नवंबर को व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर नगर पालिका परिषद के सभागार में अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल के अनुसार शिविर में विभाग के प्रशिक्षित अधिकारी व्यापारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, खान-पान में बरती जाने वाली सावधानियों तथा खाद्य सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी देंगे। शिविर में जिले और तहसील के विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। व्यापार मंडल ने बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होगा।

अधिवक्ता के आवास पर मारपीट और सास का गला घोंटने के मामले में पुत्रवधू गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता



ठाकुरद्वारा। शरीफनगर में अधिवक्ता के आवास पर घुसकर मारपीट करने और पीड़ित की सास का गला घोंटकर हत्या का प्रयास करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी पुत्रवधू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सबलपुर (दूल्हापुर) निवासी मोहम्मद सरताज पुत्र यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे उसके पिता यासीन और मां जुबैदा खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उसकी तलाकशुदा पुत्रवधू शाइन जहां अपने भाई इसरार और अन्य परिजनों के साथ खेत पर पहुंच गई। वहां आरोपियों ने उसके माता-पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया था। तहरीर के अनुसार, इसी मामले में 14 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे वह अपने माता-पिता के साथ मेडिकल रिपोर्ट दिखाने के लिए अधिवक्ता के शरीफनगर स्थित आवास पर पहुंचा था। आरोप है कि कुछ देर बाद शाइन जहां अपने भाई इसरार, पिता इलियास और मां मुनीजा के साथ वहां पहुंच गई।

गैस पाइपलाइन के लिए खोदी सड़क 20 दिन बाद भी नहीं बनी

एटा/जलेसर। नगर के बाईपास रोड स्थित गोल नगर मार्ग पर गैस पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क 20 दिन बाद भी ठीक नहीं कराई गई है। इससे मोहल्ले के लोगों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि उनके आवास के सामने सड़क खोदी गई थी, लेकिन कई बार प्रयास करने के बाद भी मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि गैस पाइपलाइन का काम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजने की बात कही। साथ ही गैस विभाग और पालिका प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी के निधन पर डॉ. रचना पाल ने जताया शोक

उत्तम भारत संवाददाता



नहटौर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताजी सावित्री देवी के निधन पर भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री डॉ. रचना पाल ने गहरा शोक व्यक्त किया।

उन्होंने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

डॉ. रचना पाल ने कहा कि पूज्य सावित्री देवी ने उत्तराखंड के पचुर गांव में सादगी, संस्कार, त्याग और तपस्या से परिपूर्ण जीवन व्यतीत किया। उनके आदर्शों और उच्च संस्कारों की विरासत सदैव समाज को प्रेरणा देती रहेगी। मां के दिए संस्कार ही व्यक्ति के जीवन और व्यक्तित्व को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके समस्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य दें। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह और उनकी पूरी टीम शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। इस अवसर पर विपिन कुमार, अंकुर चौधरी, अरविंद कुमार, संजीव चौधरी, डॉ. निपेंद्र चौधरी, सूरवीर प्रधान, सतिंदर चौधरी, राजवीर फौजी, मुनेश कुमार, अवनीश कुमार, राजीव चौधरी, निपेंद्र सिंह, तुषार चौधरी, अंकित कुमार, संजय पाल, विनीत चौधरी, चंद्रपाल सिंह, सतपाल सिंह, सुनील राजपूत, पंडित गोपाल धीमान, अरुण कुमार, लटूर सिंह सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

युवती के अपहरण का आरोप, एक नामजद समेत तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज



उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। क्षेत्र में एक युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक को नामजद करते हुए तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंडेसरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही अरुण उर्फ मोनू उनकी बेटी को परेशान करता था और उस पर जबरन शादी करने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि युवक उनकी बेटी पर गलत नजर रखता था और घर आते-जाते फब्तियां कसता था। पिता के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता ग्राम गिदौड़ा में तय कर दिया था। आरोप है कि 20 नवंबर को दोपहर करीब ढाई बजे उनकी बेटी खेत पर जा रही थी। जैसे ही वह मंदिर के पास पहुंची, वहां पहले से सफेद रंग की ऑल्टो कार में मौजूद अरुण उर्फ मोनू और तीन अज्ञात लोगों ने उसे जबरन कार में बैठा लिया और फरार हो गए। घटना को गांव के हीकुछ लोगो ने देखने के बाद फोन पर उन्हें जानकारी दी। पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरुण उर्फ मोनू समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए निर्देश

मेरठ। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दूसरे दिन रविवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर निर्वाचन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। डीएम ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल बागपत रोड, डीएन डिग्री कॉलेज और उच्च प्राथमिक विद्यालय पूर्वा अहिरान सहित विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ से नए मतदाताओं के पंजीकरण, नामों में संशोधन और प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे आलेख्य मतदाता सूची में अपना और परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम जांच लें। नाम छूटने या किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित बीएलओ के माध्यम से आवेदन करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए।

नहटौर में मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने किया नमन, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। नहटौर-झालू मार्ग स्थित मुदित त्यागी के प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी और जिला सचिव शराफत हुसैन ने मुलायम सिंह यादव के जीवन, संघर्ष और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने अपना पूरा जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित किया। उन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय, समानता और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान को प्राथमिकता दी।

वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव के विचार और संघर्ष समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके बताए रास्ते पर चलने और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया।

श्रद्धांजलि सभा में डॉ. राजपाल, मुदित त्यागी, सभासद नजमुल हसन, राजू त्यागी, कुलदीप, संजय, अशोक यादव, कृष्वीर त्यागी, माधव, आसिफ, आबिद चन्ना उस्ताद, रामपाल सिंह, सुशील चौहान और प्रधान विशाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

सुभासपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मंडल कमेटी का विस्तार, चार पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

उत्तम भारत संवाददाता

कुंदरकी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने संगठन विस्तार के तहत मुरादाबाद मंडल की नई कमेटी घोषित की है। प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद शालिम ने चार सक्रिय कार्यकताओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान संगठन को मंडल से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और नए कार्यकताओं को जोड़ने पर जोर दिया गया। घोषित कमेटी में मोहम्मद जीशान को मंडल प्रमुख महासचिव, महबूब अली को मंडल महासचिव, मोहम्मद नसीम को मंडल मीडिया प्रभारी और अब्दुल शादाब को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंडल अध्यक्ष मोहम्मद शालिम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में बैठकें कर नए लोगों को संगठन से जोड़ें तथा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं। जनता की समस्याओं को सुनकर उन्हें उचित मंच पर उठाना भी संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं प्रदेश नेतृत्व ने शिक्षा, सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पश्चिमांचल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नबी अहमद खान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन में पद मिलना सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। सभी पदाधिकारियों को ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने मंडल अध्यक्ष मोहम्मद शालिम की संगठन विस्तार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंडल, जिला, तहसील और बूथ स्तर पर आपसी समन्वय से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। इस संगठन विस्तार को मुरादाबाद मंडल में सुभासपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की सक्रियता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नेताजी बुरे वक्त में भी किसी का साथ नहीं छोड़ते थे : जयवीर यादव

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम, नेताओं ने उनके संघर्ष और विचारों को किया याद

उत्तम भारत संवाददाता



मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रविवार को सिविल लाइंस स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव फुरकान अली और जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके राजनीतिक संघर्ष एवं समाजवादी विचारधारा को याद किया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने गरीबों, किसानों, पिछड़ों और वंचित वर्गों को राजनीतिक पहचान दिलाने का काम किया। नेताजी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वह बुरे वक्त में भी किसी का साथ नहीं छोड़ते थे। उन्होंने कार्यकताओं से नेताजी के बताए समाजवादी रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय संघर्ष का है और संघर्ष के बल पर ही सरकार बनेगी। प्रत्येक समाजवादी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जुटकर संविधान, लोकतंत्र, जनहित और पीडीए के हितों की रक्षा के लिए योगदान दे, तभी नेताजी के सपनों का प्रदेश बनाया जा सकेगा। देहात विधायक नासिर कुरैशी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का काम किया। पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने उन्हें धरती पुत्र बताते हुए कहा कि नेताजी जमीन से जुड़े ऐसे नेता थे, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचते थे। उनकी सादगी और संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि नेताजी ने युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए। महिला आयोग की पूर्व सदस्य राजेश कुमारी यादव ने कहा कि नेताजी ने महिलाओं के सम्मान और शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत की। पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी ने कहा कि नेताजी ने पिछड़े और वंचित समाज को राजनीतिक पहचान दिलाने का काम किया।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मनमोहन सैनी , बाबर खान, वेद प्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, मनमोहन सैनी, चौधरी अमान उल्ला खान, तालिब अंसारी, धर्मेंद्र यादव, हरपाल सिंह सैनी, अनीसुद्दीन कातिब, शीरीगुल, दिव्यांशु सागर, जयपाल सैनी, योगेंद्र यादव, विक्रम सिंह यादव, तहजीब आलम, सलीम अख्तर, हर्षित त्रेहन, नबी हसन, लुकमान खान, कमरे आलम, मुजाहिद अली, मनीष जाटव, सुरेंद्र शर्मा, अफरोज जहां, नागभारती, राकेश राठी, रेशमा परवीन, अशोक सैनी, शरीफ हुसैन, गोल्डी शर्मा, कुलदीप यादव, बालकिशन शर्मा, जिगरी मलिक, जहांनउल्ला खान, हृदयराम यादव, प्रदीप यादव, हितेश यादव, अफरोज खान, भानू यादव, हसीन जमाल, करीम खान, सुधीर यादव, शुएब हसन पाशा और असलम पंचायती सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने लिया एकजुटता का संकल्प

उत्तम भारत संवाददाता



ठाकुरद्वारा। नगर में रविवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंजीनियर इकबाल के कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। इस दौरान सपा नेताओं और कार्यकताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए समाजवादी रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और वरिष्ठ सपा नेता शमीम मंसूरी ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि नेताजी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका पूरा जीवन समाजसेवा और जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाए। एकजुटता और मेहनत के बल पर ही पार्टी को मजबूती मिलेगी।

संभावित प्रत्याशी इंजीनियर इकबाल ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और नौजवानों की आवाज बुलंद की। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया। नेताजी का जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा की मिसाल है। उनके विचार आज भी समाजवादी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर इकरार उर्फ भोला, अख्तर अली खान, आसिम अब्बासी, मनोहर यादव, जयवीर यादव, एडवोकेट नदीम सिद्दीकी, मोहसिन सिद्दीकी, हनीफ अंसारी, डॉ. सईद सिद्दीकी, नवीन यादव, अकील खान, अब्बास अली सहित अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नए एक्सप्रेसवे और औद्योगिक परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें: मुख्यमंत्री

लखनऊ, एजेंसी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश का अनुकूल माहौल तैयार किया है और उद्योगों, निजी क्षेत्र तथा निवेशकों को तमाम तरह की सुविधाएं, टैक्स रियायतें और सब्सिडी प्रदान की जा रही हैं। सरकार की हर नीति, निर्णय और प्रावधान के केंद्र में प्रदेश की जनता का हित निहित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इन रियायतों और सुविधाओं के माध्यम से सृजित होने वाले रोजगार तथा अन्य सभी लाभों का सीधा फायदा प्रदेश के युवाओं और स्थानीय नागरिकों को प्राप्त हो।

रविवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक (सीएम-समीक्षा) में प्रदेश में संचालित और प्रस्तावित विकास परियोजनाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बुनियादी ढांचे, औद्योगिक विकास और लोककल्याण से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। इस अवसर पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया।

आउटसोर्सिंग कार्मिकों के हितों को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा नई व्यवस्था के तहत आउटसोर्सिंग कार्मिकों के मानदेय में जो बढ़ोतरी की गई है, उसका लाभ सभी विभागों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी को हर हाल में मिलना चाहिए। प्रदेश के 88 विभागों में तैनात 3,10,437 आउटसोर्सिंग कार्मिकों के मानदेय भुगतान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए कि हर कार्मिक को उसका बढ़ा हुआ मानदेय समय पर और पूरा-पूरा प्राप्त हो। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की निविदा प्रक्रिया को आगामी 30 नवम्बर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 91.46 प्रतिशत भूमि का क्रय पूर्ण हो चुका है और चयनित फर्म को एलओए जारी कर दिया गया है।

गांजा तस्करी में हाथरस के दो युवक गिरफ्तार, 145 किलो से अधिक गांजा बरामद

75 लाख रुपये कीमत का गांजा कैंटर में भरकर दिल्ली-एनसीआर ले जा रहे थे आरोपी

उत्तम भारत संवाददाता

एटा। एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट मेरठ और राजा का रामपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 145 किलो 610 ग्राम गांजा, एक कैंटर, मोबाइल और पांच हजार रुपये बरामद हुए हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 75 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान हाथरस जिले के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के गांव टोली निवासी प्रेमनारायण उर्फ बंटी और अंकित के रूप में की है। दोनों को रविवार को अलीगंज-पटियाली मार्ग पर पहरा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा से कैंटर में भरकर दिल्ली-एनसीआर ले जाया जा रहा था। यह गांजा दिल्ली निवासी गोलू उर्फ गोलक का था। आरोपियों को गांजा पहुंचाने के बदले 50 हजार रुपये और डीजल



सहित अन्य खर्च देने का वादा किया गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हवाई हमले का सायरन बजते ही हुआ ब्लैक आउट, मलबे में फंसे लोगों को बचाने दौड़ी टीमें

उत्तम भारत संवाददाता

मेरठ। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में रविवार शाम हवाई हमले और ब्लैक आउट की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। शाम छह बजे अचानक हवाई हमले का सायरन बजते ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई और पूरे क्षेत्र में ब्लैक आउट कर दिया गया। इसके बाद बम और ड्रोन हमले की काल्पनिक स्थिति तैयार कर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। मलबे में फंसे लोगों को निकालने, आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की मौजूदगी में आयोजित इस अभ्यास में पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड, विद्युत विभाग, एनसीसी और जिला सूचना कार्यालय सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान नियंत्रण केंद्र से हवाई हमले का लाल संकेत जारी होते ही सायरन बजाया गया। नागरिकों और सुरक्षा टीमों ने निर्धारित सुरक्षित शरण स्थलों पर पहुंचकर बचाव की प्रक्रिया शुरू की। विद्युत विभाग ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया। इसके बाद काल्पनिक बम और ड्रोन हमले में भवन क्षतिग्रस्त होने तथा लोगों के घायल होने का दृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा वार्डनों ने प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कर घायलों, आग और क्षतिग्रस्त भवनों की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। पुलिस, होमगार्ड और एनसीसी की टीमों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। वहीं राहत एवं बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर अभियान शुरू किया।

अभ्यास के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने छोटी आग को अग्निशमन यंत्रों से बुझाया, जबकि बड़ी आग पर फायर ब्रिगेड ने नियंत्रण किया। क्षतिग्रस्त भवनों में फंसे लोगों को फायरमैन लिफ्ट तकनीक के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को एंबुलेंस से पुलिस लाइन में बनाए गए चिह्नित अस्पताल पहुंचाया गया।

ओवरस्पीड के 105 समेत 359 वाहनों के चालान

यातायात पुलिस ने 6.01 लाख रुपये का समन शुल्क वसूला



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने रविवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान इंटरसेप्टर वाहन से ओवरस्पीड के 105 चालान किए गए, जबकि अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 254 वाहनों के चालान किए गए। कुल 359 चालान के माध्यम से 6.01 लाख रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

पुलिस के अनुसार ओवरस्पीड के मामलों में 2.20 लाख रुपये और अन्य उल्लंघनों में 3.81 लाख रुपये का समन शुल्क किया गया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

बंद फैक्टरी में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

एटा/जलेसर। पुलिस ने बंद फैक्टरी में चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया एक ल्यूमिनस कंपनी का बैटरा बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार 24 अक्तूबर को एक बंद फैक्टरी से इनवर्टर, दो बैटरी, लोहे की सरिया और अन्य सामान चोरी हुआ था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने मकसूदपुर डेरा निवासी मल्ला उर्फ आकिब को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर जिला सपा कार्यालय में उमड़े सपाई

उत्तम भारत संवाददाता

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार रविवार को माधौटांडा रोड स्थित के.के. पुरम गौहनियां रेलवे फाटक के समीप सपा जिला कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्मविभूषण से सम्मानित स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन और समाजवादी सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने कहा कि धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, युवाओं, गरीबों और पिछड़े-वंचित समाज के हक व सम्मान की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। वरिष्ठ नेता शाने अली ने कहा कि नेताजी ने हमेशा शोषितों और वंचितों की आवाज बनकर राजनीति की, जिनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को दिशा दिखाता रहेगा। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, तौफीक खान, पूर्व चेयरमैन राजीव कुमार अग्रवाल टीटी, प्रदीप सोनकर, जिला उपाध्यक्ष संदीप सक्सेना, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, चैतन्य गिरी व तौफीक, कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन कादरी, बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव नरेश कुमार सागर, हरिपाल सिंह लोधी, भगवानदास वर्मा, सतनाम सिंह देओल 'सत्ता', बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा एडवोकेट, पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, नगराध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल, सयुस जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, महासचिव नरेंद्र गिरी एडवोकेट, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेंद्र मौर्य, रामकुमार पासवान, दयाशंकर पासवान, मो. रजा अंसारी, आशीष कुमार एडवोकेट, राजीव यादव एडवोकेट, सोनपाल सिंह, मुजाहिद अली एडवोकेट, सोनू, मोहनलाल कश्यप एडवोकेट, संजीव शर्मा एडवोकेट, रामनरेश वर्मा, देवकुमार मौर्य, इदरीश अंसारी, फैजान खान, रिहान अंसारी, चंदन पाठक, केदारनाथ, रामसनेही वर्मा, सुभाष सोनकर और श्यामाचरन गंगवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगरिया खुर्द कलां में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

पीलीभीत/पूरनपुर। ग्रामीण अंचल के गरीब और जरूरतमंद मरीजों को घर के नजदीक बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 'गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा' के तत्वावधान में तथा ग्राम प्रधान विवेकानंद और ग्राम विकास अधिकारी राजेश गौतम के विशेष सहयोग से संपन्न हुए इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाया।शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम ने गांव और आसपास के क्षेत्र से आए मरीजों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मौसमी व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया। जांच के उपरांत सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। आर्थिक तंगी के कारण शहर जाकर महंगा इलाज कराने में असमर्थ गरीब परिवारों के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम साबित नहीं हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन और आयोजक संस्था की इस जनकल्याणकारी पहल की जमकर सराहना की है।

बेसिक टीचर ने फायर पुलिस स्टेशन को छह रन से हराया

एटा। शहर के पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में रविवार को बेसिक टीचर और फायर पुलिस स्टेशन की टीमों के बीच तीन मैचों की क्रिकेट सीरीज शुरू हुई। पहले मुकाबले में बेसिक टीचर की टीम ने फायर पुलिस स्टेशन को छह रन से हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेसिक टीचर की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 150 रन बनाए। राजीव लेफ्टी ने 37 गेंदों पर 55 रन की शानदार पारी खेली। शैलेंद्र यादव ने 26 और मनोज कुमार ने 20 रन बनाए। जवाब में फायर पुलिस स्टेशन की टीम नौ विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। रिषभ मलिक ने तीन विकेट हासिल किए। मुकाबला आखिरी ओवर तक रोमांचक बना रहा।

मतदाता सूची के विशेष अभियान में बूथों का निरीक्षण

एसडीएम ने बीएलओ से फॉर्म छह, सात और आठ की प्रगति जानी



उत्तम भारत संवाददाता

एटा/अलीगंज। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को एसडीएम डॉ. शशि शेखर ने पीएमश्री विद्यालय सहित क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओ से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र नाम हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त फॉर्म की जानकारी ली।

एसडीएम ने रजिस्टर और अभिलेखों की जांच करते हुए निर्देश दिए कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम प्राथमिकता से सूची में शामिल किए जाएं। उन्होंने सभी फॉर्म निर्धारित समय में ऑनलाइन फीड करने और अभियान में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। साथ ही स्थानीय लोगों से पात्र परिजनों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की अपील की।

मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर सपाइयों ने किया नमन, गोष्ठी के साथ जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री

उत्तम भारत संवाददाता

पीलीभीत/पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती रविवार को क्षेत्र में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार 'राजू' के पूरनपुर स्थित आवास पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाग लिया। गोष्ठी के उपरांत राजकुमार 'राजू' ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर बुजुर्गों व बच्चों का हालचाल जाना और जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार राजू ने कहा कि 'धरतीपुत्र' नेताजी का संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, युवाओं और शोषित वर्ग के हक व सम्मान की लड़ाई को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि समाजवाद महज एक राजनीतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करने, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प है। यही नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनोहर पटेल ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने सदैव पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचित समाज की आवाज को बुलंद किया, जिनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने नेताजी की सादगी और किसानों के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाजवादी आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाया। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे नेताजी की सीख पर चलते हुए सत्ता के बजाय जनता के सुख-दुख में सहभागी बनें और जनसेवा के माध्यम से संगठन को मजबूती दें।इस मौके पर सभी नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कौशल वाजपेयी, आकिल खान अजीज, जाहिद खान, कल्याण सिंह सरोज, ओमकार भारती, ओम शर्मा, जैगम खान, संदीप शर्मा, नजमूल हसन खान, आदर्श पाण्डेय, भगवानदीन वर्मा, रमेश गंगवार, मीनू शर्मा, ठाकुर मीता सिंह, सतीश वर्मा, रजनीश यादव, बसंत भारती, प्रशांत अवस्थी, हर्षित शुक्ला, अमन अल्वी, पुष्पा, अहीद खान, रामू यादव और रामपाल वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



चलतुआ और जहूरगंज सहित कई गावों में नई सड़कों का लोकार्पण

उत्तम भारत संवाददाता

पीलीभीत/सेहरामऊ उत्तरी। ग्रामीण अंचलों में आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से रविवार को क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित सड़कों का लोकार्पण किया गया।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने विधि-विधान से फीता काटकर इन मार्गों को जनता को समर्पित किया, जिससे स्थानीय बाशिंदों में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम ग्राम पंचायत चलतुआ में रामचंदर के आवास से सरवन के घर तक निर्मित सड़क का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार और क्षेत्र पंचायत सदस्य रामदयाल सहित आसपास के कई गांवों के प्रधान व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके उपरांत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने ग्राम पंचायत जहूरगंज पहुंचकर हुकुम सिंह के घर से सर्वेश कुमार शर्मा के घर तक बनी नई सड़क का फीता काटकर शुभारंभ किया।इस मौके पर अपूर्व सिंह ने कहा कि गांवों का बुनियादी विकास और ग्रामीणों को कीचड़ व जलभराव से निजात दिलाना उनकी प्राथमिकता है। सड़कों के निर्माण से न केवल ग्रामीणों की राह आसान होगी, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। जहूरगंज में लोकार्पण के दौरान नितिन दीक्षित, अभिषेक बाजपेई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अश्वनी जैन को मिली अवागढ़ जैन समाज गौरव की उपाधि

राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलने पर समाज ने किया सम्मानित

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद/अवागढ़। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित अश्वनी कुमार जैन को सकल दिगंबर जैन समाज अवागढ़ ने 'अवागढ़ जैन समाज गौरव' की उपाधि से सम्मानित किया। श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पटका पहनाकर, माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

अश्वनी कुमार जैन फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता हैं। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर में राज्य अध्यापक



पुरस्कार प्रदान किया गया था।

कार्यक्रम में बताया गया कि उन्होंने नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने के लिए संसद मॉडल, संविधान क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता और संविधान प्रस्तावना पाठ जैसी गतिविधियां शुरू कीं। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उपाध्याय श्री शिवदत्त सागर जी महाराज ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी जैन ने समाज और आयोजक समिति के प्रति आभार जताया।

गंदगी और जलभराव से बदहाल हुआ बारातघर अशोक राजा ने जताई कड़ी नाराजगी

उत्तम भारत संवाददाता

पीलीभीत / पूरनपुर। 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के अंतर्गत जनसंपर्क के दौरान एक सार्वजनिक बारातघर की बदतर हालत देखकर पूर्व सीआरपीएफ इंस्पेक्टर एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक राजा भड़क उठे। उन्होंने परिसर में व्याप्त भारी जलभराव और गंदगी पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए इसे सरकारी धन और जनता की सुविधाओं के साथ सीधा खिलवाड़ करार दिया है।अशोक राजा ने मौके की स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस भवन का निर्माण ग्रामीणों की सुविधा और मांगलिक कार्यों के आयोजन के लिए लाखों रुपये खर्च कर कराया गया था, आज वह बारातघर कम और 'तालाबघर' ज्यादा नजर आ रहा है। भवन के चारों ओर गंदा पानी जमा होने और अव्यवस्थाओं का अंबार लगे होने के कारण न तो वहां कोई सामाजिक कार्यक्रम हो पा रहा है और न ही आम जनता को इसका कोई लाभ मिल रहा है। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से अविलंब बारातघर परिसर की साफ-सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था और मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि जल्द ही भवन की दशा सुधार कर उसे ग्रामीणों के उपयोग के लायक नहीं बनाया गया, तो जनता की आवाज बुलंद करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। मौढ़ी हजरतपुर स्थित सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार की देर शाम वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेरठ कैथोलिक धर्मप्रांत के बिशप डॉ. भास्कर जेसुराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजर फादर जॉन मेन्डोन्सा एवं प्रधानाचार्या सिस्टर आरोक्या मैरी उपस्थित रहीं। इसके अलावा सेंट मैरी मेरठ, अमरोहा, मुरादाबाद, गजरौला, धामपुर, काजीखेड़ा और अगवानपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत संगीत और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्महाराष्ट्रीय शानश के माध्यम से महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोकनृत्य की झलक दिखाई गई। वहीं श्हेलो सेनोरिटाश नृत्य ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों को दशार्ती प्रस्तुति हमारी यात्रा की एक झलक उपलब्धियों और मील के पत्थरों का जश्न ने विद्यालय की गौरवशाली यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं सेंट मैरी की आवाज गौरव और एकता का एक गीत के माध्यम से एकता और सामूहिक भावना का संदेश दिया गया। वार्षिक उत्सव का मुख्य विषय श्उड़ान एक बेटी की उसके पंख, उसके सपने रहा। इस विषय पर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से बेटियों के सपनों, आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सशक्तिकरण को खूबसूरती से दशार्या गया।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि अर्पित कर चुनाव की तैयारियों में जुटने का किया आह्वान

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। नगर स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर समाजवादी आंदोलन के पुरोधा एवं पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर विधायक ने वर्ष 2027 के चुनाव में जुड़ जाने का आवाहन समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं से किया। नगर स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर रविवार को विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी नेताजी को नमन किया। इस अवसर पर कमाल अख्तर ने कहा कि नेताजी का पूरा जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों, पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा। मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री के रूप में उनके ऐतिहासिक कार्य एवं समाजवादी विचारधारा के प्रति उनका समर्पण सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कार्यकताओं से एकजुट होकर तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें। नेताजी के विचारों पर चलकर पार्टी को मजबूत बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव, नाजिम सैफी, अमानुल्लाह चौधरी, शाकिर अली, नफीस साखा, अतिकुर्रहमान, सगीर अहमद, नारातन सिंह, अमजद अली, मुजीब चौधरी, नईम अंसारी, अनिता देवी, जगराज सिंह, अरशद चौधरी, जयदेव प्रजापति, इरशाद बाबा, इमरान, मुजीब राणा, जुहैब रहीस, अंजार चौधरी, राशिद खान, महेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, देवेंद्र यादव एवं चंद्रभान यादव आदि मौजूद रहे।

चयन वेतनमान नहीं लगे तो प्राथमिक शिक्षक संघ देगा अनिश्चितकालीन धरना

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निस्तारण को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा मुरादाबाद को ज्ञापन देकर लगभग 350 शिक्षकों के लंबित चयन वेतनमान इसी माह के वेतन में 25 नवंबर तक चयन वेतनमान नहीं लगाए गए तो कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिलाउपाध्यक्ष एवं छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने बताया कि लगभग 400 शिक्षकों के विभिन्न एरियर स्वीकृत होने के बावजूद भुगतान लंबित हैं। इसके अलावा ओपीएस के अंतर्गत जीपीएफ लेखा पर्ची, दो प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर (58 से 60 प्रतिशत) और वित्तीय वर्ष 2025-26 के बोनस सहित 11 प्रकार की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। यदि इस माह के वेतन में चयन वेतनमान का लाभ नहीं मिला तो संघ अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी भेजी गई है। इस दौरान धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ. कपिल सिरोही, सुख स्वरूप गुप्ता, सुमित कुमार, विघ्ननेश चंद्र कौशिक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

नील सरोवर धाम पर गंगा स्नान मेले में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। कांठ-ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित नील सरोवर धाम पर स्वामी देवानंद देव स्वरूप जी महाराज के आश्रम में 24 नवंबर को गंगा स्नान के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1999 से लगातार लग रहे इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। रविवार को भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू एवं भाजपा जिला मंत्री विक्रांत सिंह चौधरी ने फीता काटकर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया। यह पाठ मंगलवार तक चलेगा और उसी दिन संपन्न होगा। मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह, एसडीएम मयंक कुंडू, तहसीलदार कपिल कुमार आजाद और सीओ सुनीता दहिया व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं। पूर्व विधायक ने भी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्था को लेकर चर्चा की तथा मेला समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म की धरोहर है और इस परंपरा को हर वर्ष इसी तरह जारी रखना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर, चौधरी साबर सिंह, ब्रजमल सिंह, अशोक कुमार बिश्नोई, मेला समिति अध्यक्ष आदेश कुमार बिश्नोई सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, साबर सिंह, हुकम सिंह और विक्रांत सिंह चौधरी को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

बीएसएफ जवान के घर से हजारों के आभूषण चोरी

शिकोहाबाद। नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव दोहिया में एक महिला का पति बीएसएफ में नौकरी करता है। वह अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। 12 नवंबर की रात वह अपने कमरे में सो रही थी। उसकी दो बेटियां दूसरे कमरे मे थीं। रात में अज्ञात चोर ने उसके एक कमरे में जिसका ताला लगा था का कुंदा काटा और कमरे में रखे बक्शे के कुदे काट कर उसमें रखा सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोहिया निवासी विमला देवी का पति बीएसएफ में तैनात है। वह घर पर अकेली थी। 13 नवंबर की रात अज्ञात चोर उसके घर में घुस आया और बंद कमरे का ताला तोड़ कर और कमरे के अंदर रखे बक्शे के ताले तोड़ कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये।

दीपक, तान्या और मयंक ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए पाया प्रथम स्थान

उत्तम भारत संवाददाता

शिकोहाबाद। डीआर इंटर कॉलेज एवं सिटी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित प्रथम दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक ने अंडर-16 बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। दो दिनों तक आयोजित प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाओं में बालक एवं बालिका वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 135 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 102 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पधाओं में पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 12 बालक वर्ग में दीपक, देव एवं विवेक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में तान्या, साक्षी एवं काजल ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-16 बालक वर्ग में मयंक, आदर्श एवं अर्पित ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

अन्य स्पधाओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को संस्थापक ओमप्रकाश यादव, प्रधानाचार्या श्वेता यादव ने मेडल और प्रशस्ति पत्र वितरत कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज, शुभंकर, विकल, रमेश, प्रतीक्षा, बाबी, पूनम एवं आशीष का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नेताजी का पूरा जीवन सामाजिक न्याय, किसानों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा-शिवराज सिंह यादव

सपा कार्यालय पर मनाई गई मुलायम सिंह यादव की जयंती

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर रविवार को भारत के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। आयोजित सभा में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।

जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव भारतीय राजनीति के प्रमुख समाजवादी नेताओं में से थे। उन्हें लोग सम्मानपूर्वक नेताजी के नाम से पुकारते थे। उन्होंने तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा देश के रक्षा मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उनका पांच दशक से अधिक का राजनीतिक जीवन सामाजिक न्याय, किसानों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष को समर्पित रहा। पूर्व विधायक अजीम भाई ने कहा कि नेताजी ने राम मनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में कदम रखा और संघर्ष के बल पर देश की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई। इस दौरान मीना राजपाल, रजत, राजेश कुमार सविता, रामश्याम, मुकेश कुमार, रामवीर सिंह, धर्मदास, नीरज यादव, राजकुमार राठौर, लोकेंद्र सिंह गुर्जर, विनोद गौतम, नानकुमार, महेंद्र वर्मा, रोहित दयाल सविता, नरेश शंखवार, पंकज बघेल, आदेश यादव, सौरभ बघेल, विकास कुमार, मुकेश वर्मा, श्यामपाल सिंह, संजय कुशवाह, कमलेश यादव, सोनू यादव, मनोज कुमार, मनीष कुमार राठौर, सूर्या प्रताप राठौर आदि मौजूद रहे।



24 नवंबर को कमलापुरी आश्रम में होगा 15वां खिचड़ी भंडारा

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (रजिस्टर्ड 1908) के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार गुर्जर के सौजन्य से रामगंगा नदी स्थित नीला कुंडा के निकट श्री श्री 1008 देवानंद देव स्वरूप निष्कलंक जी महाराज के कमलापुरी आश्रम पर गंगा स्नान के पावन अवसर पर 24 नवंबर को 15वें विशाल खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे हवन के साथ होगा। इसके उपरांत खिचड़ी भंडारा प्रारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व लगातार 14 खिचड़ी भंडारों का आयोजन किया जा चुका है। नितिन गुर्जर ने समस्त श्रद्धालु ओं से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें। उन्होंने बताया कि आज भंडारे की तैयारियों के लिए जेसीबी मशीन से साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं कराई गईं है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के समस्त साथी श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर रहेंगे। इस दौरान विजय गुर्जर, सोमवीर गुर्जर, राम अवतार गुर्जर, हरि जाटव, युवराज जाटव, अमित कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, कोहराम

उत्तम भारत संवाददाता

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव मोहिनीपुर स्थित राजपूत ढाबा के समीप शनिवार रात नौ बजे के करीब सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने वृद्ध को रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया।शनिवार रात नौ बजे के करीब राजपूत ढाबा मोहिनीपुर के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से 73 वर्षीय दिवारीलाल निवासी मोहिनीपुर थाना शिकोहाबाद की मौत हो गयी है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। स्थानीय लोगों ने मृतक की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि मृतक के पत्नी व बच्चे नहीं है। वह अपने भतीजे रामकुमार पुत्र विशुन दयाल के साथ रहते थे।

सुहागनगरी में धूमधाम से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की 196 वीं जयंती

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना झलकारी बाई की 196 वीं जयंती रविवार को रोडवेज बस स्टेंड स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर जनप्रतिनिधियों एवं समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा मिठाई वितरित कर जन्मोत्सव मनाया।

कार्यक्रम में विधायक मनीष असीजा, विधायक डॉ. मुकेश वर्मा, महापौर कामिनी राठौर एवं अखिल भारतीय कोरी-कोली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश शंखवार सहित अन्य लोगों ने वीरांगना के शौर्य और बलिदान को याद किया। समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. वीपी सिंह शंखवार ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का साहस और देशभक्ति सदैव समाज को प्रेरणा देती रहेगी। महामंत्री केशवदेव शंखवार, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह शंखवार, जिला उपाध्यक्ष रोहित कुमार शंखवार, पूर्व पार्षद विधाराम शंखवार ने बताया कि वीरांगना की जयंती के उपलक्ष्य में 29 नवंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं वीरांगना झलकारी बाई शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद मनोज शंखवार ने वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान अमित माहौर, अनिल शंखवार, रविंद्र शंखवार, लाइक सिंह, अजब सिंह शंखवार, डॉ. रामबहादुर शंखवार, रविकांत शंखवार, नरेश चंद्र, ऊषा शंखवार, रामनरेश शंखवार, मनोज शंखवार, सुनील कुमार, गौरव कुमार, बलवीर सिंह, अभय कबीर पंथी एवं सहदेव शंखवार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

गन्ना खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाओं से परेशान किसानों के वाहनों की एक किलोमीटर तक लगी लाइन

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। त्रिवेणी शुगर मिल के स्थानीय अधिकारियों की कथित लापरवाही के चलते गन्ना किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह ग्राम बेगमपुर स्थित गन्ना खरीद केंद्र पर लिपिक के समय से नहीं पहुंचने के कारण गन्ने से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की एक किलोमीटर से अधिक लंबी लाइन लग गई। इससे कांठ-करनपुर मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। नाराज किसानों ने मिल प्रशासन के खिलाफ हंगामा करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की। किसानों का आरोप है कि सुबह से ही गन्ना लेकर पहुंचे वाहन केंद्र पर खड़े रहे, लेकिन सुबह 10 बजे तक लिपिक के नहीं पहुंचने से तौल शुरू नहीं हो सकी। परेशान होकर कुछ किसान अपने गन्ने से भरे वाहन लेकर वापस लौट गए, जबकि कई किसान घंटों तक लाइन में फंसे रहे। इसी तरह ग्राम खूंखेड़ा और मौढ़ी हजरतपुर स्थित गन्ना खरीद केंद्रों पर भी अव्यवस्थाओं के चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ी। मौढ़ी हजरतपुर केंद्र पर कांठ-ठाकुरद्वारा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगने से कई बार जाम की स्थिति बनी। किसान राम सिंह, महाराज, हरपाल सिंह और सतवीर सिंह आदि का आरोप है कि गन्ना खरीद केंद्रों पर पहले वाहनों की भीड़ लगा दी जाती है और इसके बाद घंटों तक तोल नहीं होती। किसानों ने इसे मिल अधिकारियों और लिपिकों की लापरवाही बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुछ किसानों ने गन्ना विभाग और प्रशासन के उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की है। इस संबंध में त्रिवेणी शुगर मिल के क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। गन्ना खरीद केंद्रों की अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों में मिल प्रशासन के प्रति नाराजगी बनी हुई है।

नशे की गिरफ्त से निकल सनातन की राह पर चले एलेक्स, शिकागो से खिंचे चले आए काशी

वाराणसी, एजेंसी।



सनातन धर्म की आध्यात्मिक शक्ति और काशी की अलौकिक ऊर्जा सात समंदर पार अमेरिका के शिकागो निवासी एलेक्स मॉम सिलिविक को भी अपनी ओर खींच लाई। कभी ड्रग्स की लत से जूझ रहे एलेक्स आज हनुमानजी और नीम करौली बाबा के भक्त हैं। आध्यात्मिक साधना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। नशे की गिरफ्त से बाहर निकलने के बाद अब वह अमेरिका में लोगों को योग और ध्यान सिखा रहे हैं। साथ ही ड्रग्स और शराब की लत से परेशान लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सनातन धर्म के प्रति इसी गहरे जुड़ाव के चलते वह तीन दिन पहले अपने सात दोस्तों के साथ काशी पहुंचे। रविवार को अस्सी घाट पर उन्होंने मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। इसके बाद घाट पर बैठकर 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया।

एलेक्स ने बताया कि वह पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और शिकागो की एक कंपनी में काम करते थे। नौकरी के दौरान ही वह ड्रग्स लेने लगे। शुरूआत में यह आदत थी, लेकिन धीरे-धीरे इसकी गिरफ्त इतनी मजबूत हो गई कि उससे बाहर निकलना मुश्किल हो गया। उन्होंने कई बार नशा छोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसी दौरान करीब 10 साल पहले उन्हें नीम करौली बाबा के बारे में जानकारी मिली। बाबा के जीवन और उनके आध्यात्मिक संदेशों ने उन्हें प्रभावित किया। उनके बारे में और जानने की जिज्ञासा उन्हें भारत खींच लाई। यहां उन्होंने नीम करौली बाबा के जीवन, विचारों और शिक्षाओं का अध्ययन शुरू किया। इसी क्रम में सनातन धर्म, भगवद्गीता और दूसरे आध्यात्मिक ग्रंथों को पढ़ा तथा साधना से जुड़ते चले गए।

सनातन से जुड़ाव ने बदली जिंदगी, नशे से बनाई दूरी

एलेक्स के अनुसार, सनातन धर्म और आध्यात्मिक साधना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया। उन्हें अपने भीतर नई ऊर्जा और शक्ति का अनुभव हुआ। जीवन को देखने का नजरिया बदला और धीरे-धीरे नशे से बाहर निकलने का रास्ता मिला। उन्होंने ड्रग्स की लत छोड़ दी और नीम करौली बाबा को अपना गुरु मान लिया। उनका कहना है कि आध्यात्मिकता ने उन्हें केवल नशे से मुक्ति का रास्ता ही नहीं दिखाया, बल्कि जीवन का उद्देश्य भी समझाया।

आज एलेक्स नियमित रूप से योग और ध्यान करते हैं। हनुमानजी और नीम करौली बाबा के प्रति उनकी गहरी आस्था है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर भंडारे का आयोजन करते हैं और जरूरतमंद लोगों को भोजन व अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराकर सेवा करते हैं। उनके लिए सनातन धर्म का अर्थ केवल मंदिर जाना, पूजा करना या धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं है, बल्कि प्रेम, करुणा और दूसरों की मदद करना भी है।

अमेरिका में योग-ध्यान की कक्षाएं, किताबों और पॉडकास्ट से कर रहे जागरूक

नशे की लत से बाहर निकलने के बाद एलेक्स ने अपने जीवन को दूसरों की मदद के लिए समर्पित करने का प्रयास शुरू किया। अमेरिका में वह योग और ध्यान की कक्षाएं संचालित करते हैं। आध्यात्मिक विषयों पर पुस्तकें लिखने के साथ पॉडकास्ट के माध्यम से भी लोगों तक अपने विचार पहुंचाते हैं। उनका विशेष ध्यान उन लोगों पर रहता है, जो ड्रग्स और शराब की लत के कारण परेशान हैं।

पुलिस लाइन में एयर स्ट्राइक और ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का हुआ प्रदर्शन

जवानों ने घायलों को सुरक्षित निकालने और प्राथमिक उपचार देने का किया अभ्यास

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। रविवार को पुलिस लाइन मैदान में नागरिक सुरक्षा केंद्र एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में ह्यसिविल डिफेंस एयर स्ट्राइक एवं ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस अभ्यास में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का सजीव प्रदर्शन किया गया। शाम 6:30 बजे तक आयोजित मॉक ड्रिल में निर्धारित समय पर पुलिस लाइन परिसर में ब्लैकआउट किया गया। इसके बाद सायरन बजते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए गए। नागरिक सुरक्षा के जवानों के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस टीमों ने आपसी समन्वय के साथ अभ्यास किया। इस दौरान जवानों ने घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा उन्हें प्राथमिक उपचार देने का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले अथवा किसी आकस्मिक आपदा के दौरान ब्लैकआउट की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रशासन एवं सुरक्षा बलों की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना तथा आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करना रहा। सभी टीमों को न्यूनतम समय में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे जनहानि और धनहानि को कम किया जा सके। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन के साथ आम नागरिकों का सतर्क एवं प्रशिक्षित होना भी आवश्यक है। सिविल डिफेंस के गठन का उद्देश्य आम नागरिकों को भी आपदा प्रबंधन से जोड़ना है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता भी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 23 नवंबर को आएंगे सुईथाकला

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 23 नवंबर को जौनपुर के सुईथाकला क्षेत्र स्थित छीतमपट्टी गांव आएंगे। शासन की ओर से उनका आधिकारिक भ्रमण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री सुबह 11 बजे लखनऊ से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर 12 बजे छीतमपट्टी हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां से वह 12:10 बजे वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी के पैतृक आवास पहुंचकर उनसे और परिजनों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी भतीजी को आशीर्वाद देंगे। गौरतलब है कि 25 नवंबर को हेमंत तिवारी के पैतृक आवास पर वैवाहिक आयोजन है।

आगरा के मंडलीय सम्मेलन में फिरोजाबाद के कांग्रेसियों ने दिखाया दमखम

भाजपा नेता कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने थामा कांग्रेस का दामन

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। आगरा के रोहता नगर चौराहे पर आयोजित कांग्रेस के मंडलीय सम्मेलन में फिरोजाबाद के सैकड़ों कांग्रेसियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में कार्यकताओं ने पार्टी नेताओं का जोशीला स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं दो बार के पूर्व पार्षद कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने बताया कि भाजपा के कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कांग्रेस की विचारधारा, नीतियों और संघर्ष में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने आजीवन कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य करने का संकल्प भी लिया। मंडलीय सम्मेलन में हाजी सईद पटेल, राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट, शैलेंद्र शुक्ला सरपंच, शांतिदास शखवार, अनिल यादव, जगदीश वाल्मीकि, अजय यादव, धर्मेंद्र यादव, विराट दिवाकर, हरिशंकर तिवारी, बीएस गौतम, प्रशांत तिवारी, संदीप तिवारी, चंद्रकांत यादव, आशीष तिवारी, मुकेश गौड़, गुलाम जिलानी, लाला लाइन, गांधी, जयपाल यादव, रामप्रवेश यादव, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

फिरोजाबाद। द्रविड़ जन कल्याण महासभा के तत्वावधान में समाजवादी आंदोलन के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की 87 वीं जयंती पर जेएस कॉलोनी, नगला भाऊ स्थित महेश यादव के प्रतिष्ठान पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महासभा के संस्थापक उदयवीर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने डॉ. राममनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए शिक्षा, चिकित्सा और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कीं। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने समाजवादी विचारधारा को आगे का संकल्प लिया। इस दौरान चंद्रमोहन चक्रवर्ती, अनिल यादव, रामू यादव, दिलीप सिंह, रईस पाल यादव, बंटू यादव, इंद्रजीत ठेकेदार, दिनेश यादव, संयोजक अनिरुद्ध प्रताप उर्फ भोला यादव आदि मौजूद रहे।

देव दीपावली पर गंगा में सख्त पहरा

एनडीआरएफ के साथ पुलिस भी करेगी निगरानी

वाराणसी, एजेंसी।



देव दीपावली पर काशी में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। घाटों से लेकर गंगा की जलधारा तक निगरानी बढ़ाई जा रही है। पर्व के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना और नाव दुर्घटना रोकने के लिए पुलिस अधिकारी लगातार स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार और भेलूपुर थानाध्यक्ष दिगंबर उपाध्याय ने रविवार को अस्सी घाट से हरिश्चंद्र घाट तक नाव से गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गंगा में भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न घाटों पर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया और नाविकों से बातचीत कर देव दीपावली के दिन विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि कोई भी नाविक बिना लाइफ जैकेट पहने नाव का संचालन नहीं करेगा। नाव पर सवार सभी पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए भी लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही नाव की निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर रोक और सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की हिदायत दी गई।

अधिकारियों ने नाविकों को समझाया कि देव दीपावली पर गंगा में बड़ी संख्या में नावों और बजड़ों का संचालन होगा।

नारायण दिव्यांग सेवा समिति की बैठक में सुनी समस्याएं

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। नारायण दिव्यांग सेवा समिति की एक बैठक रामलीला मैदान में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार ने प्रत्येक दिव्यांगजन की बात सुनते हुए आश्वासन दिया कि दिव्यांगों के साथ किसी प्रकार का अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के हक का राशन और अन्य सुविधाएं कोई नहीं छीन सकेगा।

प्रदेश सचिव दिनेश राठौर ने पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आठ महीने में केवल एक बार पेंशन मिली है। सरकार ने 1500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था, लेकिन अभी 1000 रुपये ही मिल रहे हैं। महिला अध्यक्ष यमशी ने कहा कि दिव्यांग महिलाएं शिक्षित और ग्रेजुएट हैं, लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से दिव्यांग महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और बुनाई जैसे रोजगारपरक कार्य उपलब्ध कराने की मांग की, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर पंजा कुश्ती, कबड्डी, दौड़, रिंग प्रतियोगिता एवं गायन सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इच्छुक दिव्यांग भाई-बहन मंडी समिति स्थित कार्यालय पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। बैठक में विनोद कुमार राठौर, प्रवीण, छविराम, बृजेश, राहुल, नेहा, प्रवीण बघेल, रेशमा, अनीता, ललित कुशवाहा, भगवान स्वरूप, बंटू, सुरजीत और मंजू सहित अनेक दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

धक्का मुक्की कर आटो सवार महिला से पर्स लूटा, मुकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। एक आटो में सवार महिला से अन्य व्यक्ति ने धक्का मुक्की कर उसका पर्स नीचे गिरा दिया और उसमें रखा छोटा पर्स जिसमें 15 हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान था लूट कर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना दक्षिण के मोहल्ला सुहाग नगर निवासी राजकुमार गोस्वामी ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि वह अजय कुमार एडवोकेट की सीट पर टाइपिंग का काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसने अपनी पत्नी 12 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे सफेद रंग के टैंपो में शिकोहाबाद अपने मायके जाने के लिए बैठा दिया था। उसकी पत्नी के पास हैंड बैग था जिसमें नवजात बच्चे के कपड़े व अन्य सामान के साथ 15 हजार रुपये और एक मोबाइल भी था। शिकोहाबाद एटा चौराहे पर उतरते समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा धक्का मुक्की करते हुए हैंड बैग गिरा दिया और उसमें से मोबाइल व रुपये व चाबियां थी लूट कर भाग गया।

जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास को गति देने, उद्यमियों की व्यवहारिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा शासन की रोजगारपरक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उद्यमियों ने जलेसर रोड स्थित यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र की क्षतिग्रस्त बाउंड्री बाल की पुनः पैमाइश कराने, रिक्त आवासीय भूखंडों के शीघ्र ऑनलाइन आवंटन तथा औद्योगिक टाउनशिप के रखरखाव सड़क व पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने जैसे मुद्दों को उठाया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने राजस्व व यूपीसीडा के अधिकारियों को समन्वय बनाकर उद्यमियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को परिसर के बाहर चिह्नित भूमि पर स्थानांतरित करने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय से समन्वय तेज करने के निर्देश दिए। डीएम ने उद्यमियों की उठाई समस्या ककरऊ कोठी से नवीन सिक्स लेन बाईपास तक नाला निर्माण, ककरऊ कोठी से जिला कारागार तक स्ट्रीट लाइटों की स्थापना तथा मक्खनपुर कस्बे में औद्योगिक इकाइयों तक जाने वाली क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिकोहाबाद के माध्यम से जनपद की औद्योगिक इकाइयों में अधिक से अधिक युवाओं को अप्रेंटिस से जोड़ा जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि एवं रा कल्पना जायसवाल, उपायुक्त उद्योग संध्या, एएलसी यसवंत सिंह, सभी विभाग के एक्स ईएन आदि संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित: धनंजय महाराज



मीरजापुर, एजेंसी।

जिगना क्षेत्र के सिकरा कला गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को आचार्य धनंजय महाराज ने कंस वध और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

आचार्य ने कहा कि अत्याचारी कंस ने साधु-संतों का जीवन भी कठिन कर दिया था। उसने बाल्यावस्था से ही वसुदेव और देवकी की संतानों को मारने के प्रयास किए। अहंकार के कारण वह भगवान श्रीकृष्ण को पहचान नहीं पाया। युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने उसे चेतावनी भी दी, लेकिन कंस अपने अहंकार में झुकने को तैयार नहीं हुआ। अंततः श्रीकृष्ण ने उसका वध कर अत्याचार का अंत किया।

रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि शिशुपाल से जबरन विवाह तय होने पर रुक्मिणी दुखी थीं। भगवान श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर उन्हें अपनी जीवनसंगिनी बनाया। कथावाचक ने कहा कि अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित है। प्रेम, करुणा, सत्कार और सद्भाव जैसे गुण अपनाने वाले व्यक्ति का जीवन धन्य हो जाता है।

कैबिनेट मंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी के ब्रॉशर का किया विमोचन

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, द्वारा 23 नवंबर को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन अमेजिंग वर्ल्ड, सिरसागंज में प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता के ब्रॉशर का विमोचन कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह ने किया।

उन्होंने जिला विज्ञान क्लब के कार्यों की सराहना की। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के 100 विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 उत्कृष्ट मॉडलों का चयन मंडल स्तर के लिए किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5,000, 3,000 और 2,000 रुपये तथा दो विद्यार्थियों को एक-एक हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

हवाई हमले से बचाव का अभ्यास, पुलिस लाइन में हुई मॉक ड्रिल

सायरन बजाकर कराया ब्लैक आउट, घायलों को अस्पताल पहुंचाने और राहत-बचाव कार्यों का किया अभ्यास

उत्तम भारत संवाददाता



एटा। हवाई हमले जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में एयर रेड/ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रदेशव्यापी अभियान के तहत हुई इस मॉक एक्सरसाइज में पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नागरिक सुरक्षा कोर के जवानों ने राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया।

मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाने, ब्लैक आउट करने, सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने और खतरा समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन बजाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने, क्षतिग्रस्त स्थानों से लोगों को सुरक्षित निकालने और गंभीर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। जिलाधिकारी एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की नियंत्रक एम. अरुन्मोली ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में जन-धन की सुरक्षा के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। मॉक ड्रिल से तैयारियों का आकलन करने और कमियों को दूर करने में मदद मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को हर परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए।

एसएसपी डॉ. इलामारन ने कहा कि आपात स्थिति में पुलिस की तत्परता और अन्य विभागों के साथ तालमेल राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाता है। सीएमओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों, प्राथमिक उपचार और एंबुलेंस सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान एएसपी श्वेताभ पाण्डेय, एएसपी क्राइम सच्चिदानंद, एसडीएम अनवर राशिद फारूकी, आपदा विशेषज्ञ राणा प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी और नागरिक सुरक्षा कोर के वालंटियर्स मौजूद रहे।